जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, मंगलवार 9 अप्रेल, 2024

Hero

# इंडिया की सर्वाधिक बिकने वाली बाइक्स

पिछले 10 साल से हर 10 सेकंड में बिकने वाली 1 से ज्यादा मोटरसाइकल#; हीरो मोटोकॉर्प 100cc वर्ग में लीडर है**.
और भारत का भरोसा स्प्लेंडर+ और HF-डीलक्स में लगातार बढ़ रहा है.
नं.1 क्लब में शामिल हों, आज ही घर लाएं हीरो!



नई HF-Deluxe

शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ₹60143*

Splendor+

शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ₹75766*

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ | EMI ₹2699^ से शुरू | कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | India's First 5 Year Warranty* | 6000^^ km or 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FinCorp | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो,** सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, **सुप्रीम हीरो,** गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, **आकड़ हीरो,** अजमेर रोड़, 9289922192, **शुभम हीरो,** सहकार मार्ग, 9289922207, **कोटपूतली: चौधरी हीरो,** 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट: जयपुर: सुपर मोटर्स,** 8824088678, **मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स,** 9579258884, **जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स,** 8003088062, **झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स,** 9314048181, **सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन,** 9261499995, **बगरू: लाम्बा मोटर्स,** 97728 81888, **भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9314013185, **चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल,** 9950560918, **बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स,** 9414312552, **दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स,** 9352727667, **शाहपुरा: सत्यम मोटर्स,** 8104361919, **हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स,** 9314050594, **फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9414818930, **जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स,** 9828090676, **जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स,** 8769505565, **पावटा: पंकज मोटर्स,** 96104 26700, **कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स,** 9414228404, **मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स,** 8560000816, 9414643816.

## विचार बिन्दु

सनास्त कर्म का लक्ष्य आनंद की ओर है। –टैगोर

# तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है......

'प्यासा सावन' फिल्म का यह बड़ा लोकप्रिय गीत रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह गीत कितना सटीक है, यह अनुभव करने के लिए आपको करना केवल यह है कि, जिसे यह गीत संबोधित है (अर्थात् तेरा), वहां भाजपा को रख लें और जिसकी तरफ से यह कहा जा रहा है (अर्थात् मुझे) वहाँ, उन सभी भ्रष्ट नेताओं को रख लें, जिन्होंने अपने दल को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। इस स्थान पर उन्हें भी रखा जा सकता है जिन्होंने बहुत घाटा होते हुए भी इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा को करोड़ों का चंदा दिया है।

जिस गति से कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भाजपा का साथ देना प्रारंभ किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे अब अपने प्रति किसी भी कार्रवाई न होने के प्रति निश्चिंत हैं।

एक रिपोर्ट हाल ही 'इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित हुई है, उसका सार कुछ इस प्रकार है।

ऐसे जिन नेताओं के खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट, इनकम टैक्स, सीबीआई आदि की करवाई चल रही थी, वे सब कारवाइयां फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दी गई हैं।

न केवल यह, इनमें से कई तो ऐसे हैं जिन्होंने दल बदलते ही, भाजपा शासित राज्यों में, सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ली है।

ऐसे कुल 25 प्रमुख नेताओं के प्रकरण हैं, जिनमें एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट, सीबीआई इनकम टैक्स या इकोनामिक ऑफेंसेस विंग ने कार्रवाई प्रारंभ की, किंतु कार्रवाई में तेजी होना, उसे बंद करना या उसमें ढिलाई देना, इस पर निर्भर होता रहा है कि संबंधित नेता विपक्ष में हैं अथवा सत्तादारी दल भाजपा के साथ हैं। इनमें से अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल आदि ऐसे हैं जिनके विरुद्ध मामला बंद करने की कार्रवाई संबंधित एजेंसी द्वारा की गई है और अब केवल अदालतों की मोहर लगना उसमें शेष है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार के विरुद्ध महाराष्ट्र की 'इकोनामिक ऑफेंसेस विंग' द्वारा मामला दर्ज किया गया था एवं अब जबकि अजीत पवार ने शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री का पद संभाल लिया है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई एक प्रकार से समाप्त हो गई है। प्रफुल्ल पटेल, जिनके ऊपर हवाई जहाज खरीदने संबंधी घोटाले का प्रकरण 2017 में दर्ज किया गया था, उनके विरुद्ध ईडी द्वारा 2019 में चार्ज शीट दाखिल की गई। प्रफुल्ल पटेल ने जून 2023 में एनडीए को ज्वाइन किया और मार्च 2024 में उनके विरुद्ध सीबीआई द्वारा केस को बंद करने की रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है। हेमंत बिस्वा शर्मा ने 2015 में कांग्रेस को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब उनके विरुद्ध केस तो लंबित है किंतु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वे तो कई सालों से असम के मुख्यमंत्री भी हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हसन मुश्रीफ पर शुगर फैक्ट्री के घोटाले का मामला बनाया गया था, किंतु जैसे ही जुलाई 23 में उन्होंने एनडीए का साथ दिया, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई लगभग बंद सी कर दी गई है। तेलुगु देशम पार्टी के नेता सी एम रमेश ने तेलुगु देशम पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता 2019 में ग्रहण की। उनके आवासों पर एवं अन्य परिसरों पर अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारा गया था और इन पर 100 करोड़ की आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप था। बीजेपी के सांसद नरसिंह राव ने संसद की एथिक्स समिति के अध्यक्ष को इनकी सदस्यता समाप्त करने के लिए लिखा, किंतु जैसे ही 2019 में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उसके बाद, किसी भी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। संजय सेठ, समाजवादी पार्टी के सदस्य थे। उनके विरुद्ध 2015 में आयकर विभाग ने रेड की जो कि उनके शालीमार कंपनी से संबंधित थी। 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें उत्तर प्रदेश से राज्यसभा का सदस्य बनवा दिया। अब उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही की जानकारी नहीं है। पश्चिम बंगाल में भी इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस के सुवेंदु अधिकारी के विरुद्ध नारदा स्टिंग ऑपरेशन में केस दर्ज हुआ। इनके विरुद्ध लोकसभा के अध्यक्ष से 2019 में अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी थी। 2020 दिसंबर में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। अब तक अध्यक्ष द्वारा उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुमति नहीं दी गई है। महाराष्ट्र के छगन भुजबल को मार्च 2016 में गिरफ्तार किया गया। अप्रैल 2016 में चार्ज शीट दाखिल की। दो साल जेल में रहने के बाद 2018 में जमानत मिली। जुलाई 2023 में ये एनडीए के साथ चले गए। इसके बाद उनके विदेश जाने पर जो रोक लगी हुई थी उसे हटाने का विरोध सरकार द्वारा नहीं किया गया। मुंबई कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कृपा शंकर सिंह, के विरुद्ध आय के साधनों से अधिक संपत्ति अर्जित करने पर ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग कानून के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज की गई और उनके पुत्रों से पूछताछ भी की गई। दिसंबर 13 में पुलिस ने इनके विरुद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति विधानसभा अध्यक्ष से मांगी। 2015 अप्रैल में इनके विरुद्ध चार्ज शीट प्रस्तुत की गई और उनकी 95 करोड़ की अवैध संपत्ति को कुर्क किया गया। कोर्ट ने अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण छोड़ दिया। 2019 में इन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और जुलाई 21 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। अब इनके विरुद्ध केस प्रभावहीन हो चुका है। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत के अनेक परिसरों पर ईडी ने लुई बर्गर केस में छापे मारे। उनकी संपत्ति भी मार्च 2017 में कुर्क की गई। सितंबर 2022 ये भाजपा में चले गए। इसके बाद इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**कुल मिलाकर, हम यह कह सकते हैं कि वर्तमान समय में सभी ऐसे कॉर्पोरेट घराने जो भारतीय जनता पार्टी को चंदा देते हैं अथवा वे सभी विपक्षी नेता जो भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लेते हैं, उन सभी को एक प्रकार से अभय दान मिल जाता है।**

उपरोक्त अनुसार, विपक्ष के कई बड़े नेताओं के विरुद्ध जाँच एजेंसियों द्वारा जांच की जा रहे थी, छापे डाले गए, कई को गिरफ्तार भी किया गया और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए गए किन्तु जैसे ही इन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की या एनडीए का साथ दिया, इनके विरुद्ध कार्रवाई को बंद कर दिया गया अथवा उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यह सभी लोग अब बीजेपी का साथ मिलने पर तो यही गुनगुना रहे होंगे। "**...तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है, अंधेरों में भी हमें मिल रही रोशनी है**"।

स्पष्ट है, सारे भ्रष्ट नेताओं को अंधेरों में भी रोशनी की किरण दिखाई दे जाती है, बशर्ते कि वह भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लें। भ्रष्टाचारियों द्वारा सत्ता का हाथ थामने की इस प्रक्रिया से भ्रष्टाचार को कितना बढावा मिलेगा, इसका अनुमान ही लगाया जा सकता है।

यह उल्लेखनीय है कि ईडी द्वारा जिन जनप्रतिनिधियों पर गत 10 सालों में कार्रवाई हुई, उनमें से 95 प्रतिशत विपक्ष के थे। यह आश्चर्यजनक है कि कि सभी नेता ईमानदार हो जाते हैं यदि वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएँ।

इलेक्टोरल बांड के अंतर्गत, हजारों करोड का जो चंदा प्राप्त हुआ है, उसका कारण या तो सरकार से बड़ा धंधा प्राप्त करना था या जेल की सींखचों से बचना था। अजीत पवार के बारे में प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक भाषणों में कई बार कह चुके थे कि उन्होंने 70000 करोड़ का घोटाला किया है और उन्हें भाजपा जेल के पीछे भेजकर उनसे चक्की पिसवाएगी और उनकी शेष जिंदगी जेल में चक्की 'पीसिंग' में निकल जाएगी। किंतु, जैसे ही इन्होने भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया वे बड़े सम्मानित नेता हो गए हैं और वे 'चक्की पीसिंग' के बजाय 'सोशल मिक्सिंग' में लग गए हैं। यह विडंबना ही है कि, भाजपा कार्यकर्ता की स्थिति बड़ी अटपटी हो जाती है क्योंकि जिन नेताओं का भ्रष्टाचार के आधार पर वे लगातार विरोध करते रहे, अब उन्हीं का सार्वजनिक रूप से गुणगान करने पर विवश हैं।

यह विचित्र बात है कि 35 ऐसी कंपनियों के नाम सामने आए हैं, जो घाटे में है, किंतु जिन्होंने लगभग 600 करोड़ रूपया इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से चंदे में दिया, जिसमें से लगभग 500 करोड़ केवल भारतीय जनता पार्टी को ही प्राप्त हुआ है। इनमें से किसी कंपनी को ना तो इनकम टैक्स न ईडी का नोटिस मिला और जांच हुई। ऐसा होता तो यह पता लगाया जा सकता था कि किस प्रकार से काले धन को फर्जी कंपनियों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को चंदा में दिया गया है। किसी प्रकार का नोटिस इन्हें मिलेगा भी नहीं क्योंकि 'तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है अंधेरों से मिल रही रोशनी है"।

ऐसे सभी दल एवं व्यक्तियों को सरकारी संरक्षण की कोई कमी नहीं रहती है और वे निश्चिंत होकर अपना अवैध व्यापार जारी रख सकते हैं। यह भी साफ है कि जो भी उनके दबाव और प्रलोभन में नहीं आए उन्हें किसी न किसी प्रकार के मुकदमे में फंसा कर उन्हें जेल भेज दिया जाए और जेल जाने के बाद भी यदि वह उनकी बात मान ले तो फिर उन्हें जेल से तत्काल छोड़ दिया जाए।

हाल ही में संजय सिंह, जो कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं, को पीएमएलए कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करके 6 माह तक जेल में रखा गया। उन्होंने जेल से बाहर आकर मीडिया से बात करते हुए बताया कि कैसे किसी भी गवाह को तब तक जेल में रखा गया जब तक उन्होंने अरविंद केजरीवाल का नाम तथाकथित शराब घोटाले से नहीं जोड़ दिया। जैसे ही उन्होंने बयान में केजरीवाल का नाम ले लिया, उन्हें तत्काल न केवल जेल से रिहा कर दिया गया अपितु इस बात की भी छूट दी गई कि वे प्रधानमंत्री मोदी का चित्र लगाकर अपना चुनाव प्रचार करें।

इस पूरी व्यवस्था से देश का नागरिक भ्रमित है कि वह किसका साथ दे? क्या वह भी केवल अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए सत्ता का साथ दे या अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष करे। संघर्ष का मार्ग अवश्य ही उसके लिए कठिनाइयां पैदा करेगा क्योंकि तब उसे सरकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, झूठे-सच्चे मुकदमों में निरंतर फंसाती रहेगी। लगता तो यह है कि चुनाव संपन्न होने तक, कई विपक्षी नेता जेल में चले जाएंगे एवं जो रंग बदल करके सत्ता के साथ हो जाएंगे, वे निश्चिंत होकर सारी सुख सुविधाओं का उपयोग करने में सफल रहेंगे। शायद इसी नीति के परिणाम के प्रति आश्वस्त होते हुए ही प्रधानमंत्री जी ने भाजपा के लिए 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया है। जब अधिकांश प्रमुख विपक्षी दलों के नेता या तो जेल में होंगे या सत्ता के साथ होंगे तब फिर उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट का कि उसने इलेक्टोरल बांड योजना का भंडाफोड़ कर दिया और चंदा देने और लेने वाले के नाम सार्वजनिक हुए। अब इलेक्टरल बॉन्ड योजना के माध्यम से चंदा प्राप्त करने पर ब्रेक लग गया है। मीडिया द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि जिन कंपनियों ने राशि दी है उनका व्यवसाय बहुत तेजी से बढ़ा है। उनके द्वारा कानून के उल्लंघन के बावजूद किसी एजेंसी द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। एक प्रकार से, दिए गए चंदे को संरक्षण राशि कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। इन्हें अब किसी का भय नहीं है क्योंकि कि "तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है....."।

कुल मिलाकर, हम यह कह सकते हैं कि वर्तमान समय में सभी ऐसे कॉर्पोरेट घराने जो भारतीय जनता पार्टी को चंदा देते हैं अथवा वे सभी विपक्षी नेता जो भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लेते हैं, उन सभी को एक प्रकार से अभय दान मिल जाता है ।

इस सारे परिप्रेक्ष्य में, देश की साधारण जनता के साथ क्या होगा इसकी कल्पना करना अधिक कठिन नहीं है। जनता को पहचानना है कि किसको सरकार का संरक्षण मिला हुआ है और कौन सरकार की नाराजगी और प्रताड़ना का शिकार है। अच्छा तो यह होगा कि सब नागरिक प्रधानमंत्री जी का हाथ थाम लें ताकि सब कोरस में गा सकें कि "**तेरा साथ है तो हमें क्या कमी है, अंधेरों में भी मिल रही रोशनी है......**"। ऐसा करके वे अपना उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

---

**होम्योपैथी पद्धति के जन्मदाता हैनिमेन के जन्मदिवस के उपलक्ष में होम्योपैथी विशेष**

**होम्योपैथी के जनक, क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुअल हैनिमेन। जन्मः- 10 अप्रेल, 1755 मृत्युः- 02 जुलाई, 1843**

# होम्योपैथी सर्व सुलभ, सुग्राही, स्थाई, सुरक्षित, भरोसेमंद व आसान चिकित्सा पद्धति



प्रो. राजीव सक्सेना


दस अप्रेल को होम्योपैथी पद्धति के जन्मदाता क्रिशचियन फ्रेडरिक सेमुअल हैनिमेन जी का दौ सौ उनत्तर वें (269वें) जन्मदिवस पर शहर के वरिष्ठ होम्योपैथ व प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में आचार्य हैं, ने इस पद्धति के बारे में काफी विस्तार से चर्चा की व इस पर विस्तृत सकारात्मक प्रकाश डाला।

होम्योपैथी के प्रति रोगियों का विश्वास काफी बढ़ा है। होम्योपैथी की तरफ भारत सरकार व आयुष विभाग भी ध्यान दे रहा है। अब होम्योपैथी चिकित्सा का परिणाम गंभीर बीमारियों में भी सुखद व अच्छा आ रहा है। यह जनमानस के लिये एक अति उपयोगी व वरदान चिकित्सा पद्धति है। रोगियों का विश्वास इसमें उत्तरोत्तर व लगातार विश्वसनीयता प्राप्त करते हुए बढ़ता जा रहा है। यह चिकत्सा पद्धति चिकित्मक के लिये बहुत मेहनत मांगती है। रोगियों की आपातकाल परिस्थितियों में भी कई बार चमत्कारिक रूप से होम्योपैथिक दवाईयों का परिणाम काफी अच्छा मिलता है। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। दुनिया भर में लोग इस पद्धति को काफी महत्व दे रहे हैं। होम्योपैथिक दवाईयां गर्भवति महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माता, बच्चों समेत बुजुर्गों के लिये भी सुरक्षित है।

होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली, होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत भारत में मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रणाली है। इसको दवाओं की राष्ट्रीय प्रणाली के रूप में भी मान्यता प्राप्त हैं। भारत देश वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी होम्योपैथिक दवा निर्माताओं और निर्यातकों में से एक है। वर्तमान में भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा अब इलाज की इस पद्धति व प्रक्रिया को अपनाने लगा है। वर्तमान में होम्योपैथी को लगभग 85 से अधिक देशों में उपयोग में लाया जाता है तथा 41 देशों में अलग औषध प्रणाली के रूप में कानूनी मान्यता प्राप्त है व लगभग 28 देशों में पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में मान्यता दी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन होम्योपैथी को, पारंपरिक और पूरक औषधि के सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली पद्धतियों में से एक पद्धति के रूप में मानता है।

होम्योपैथिक चिकित्सा में विभिन्न रोगों का इलाज करने के लिए पौधों और खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों की अल्पतम/नैनो तथा सूक्ष्मतम खुराक का उपयोग होता है। ये उपचार अचानक होने वाली और साथ ही पुरानी स्थितियों व जीवन शैली की बीमारियों का इलाज कर सकने में सर्वरूपेण उपयुक्त है। ये एक सम्पूर्ण व समग्रतथा स्थायी व सामयिक चिकित्सा होने के नाते, यह केवल व्यक्तिगत या निजी लक्षणों का इलाज नहीं करती बल्कि सम्पूर्ण उपचार के लिए पूर्ण व्यक्तित्व के साथ-साथ व्यक्ति की मानसिक और शारिरीक स्थिति पर भी ध्यान देती है, जो कि अन्य चिकित्सा प्रणालियों में बहुत कम है।

होम्योपैथी ने भारत में 1839 में उस समय जड़ पकड़ी जब डॉ. जॉन मॉर्टिन होनिग बर्गर ने स्वतंत्रों के पक्षाघात (लकवा) के लिए महाराजा रणजीत सिंह का सफलतापूर्वक ईलाज किया। डॉ. होनिग बर्गर कलकत्ता में रहने लगे और हैजा चिकित्सक के रूप में काफी लोकप्रियता पाई। बाद में डॉ. राजेन्द्र लाल दत्त, डॉ. एम.एल. सरकार जो कि ख्याति प्राप्त चिकित्सक थे, ने भी होम्योपैथी में प्रेक्टिस करना शुरू किया व डॉ. सरकार ने वर्ष 1868 में प्रथम होम्योपैथिक पत्रिका कलकत्ता जर्नल ऑफ मेडिसिन का संपादन किया। तदोपरांत वर्ष 1881 में डॉ. पी.सी. मजूमदार, डॉ. डी.एन. राय व अनेक प्रसिद्ध चिकित्सक विद्धानों ने मिलकर प्रथम होम्योपैथिक कॉलेज "कलकत्ता होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज" की स्थापना की। रोजमर्रा की बीमारियों के लिए यह एक सुरक्षित आलान व सर्वसुग्राही चिकित्सा पद्धति है, लेकिन इसे किसी सुयोग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श के बाद ही लेना चाहिये। चिकित्सक कई कारकों पर विचार करते है। जिसमें आपकी आयु, लिंग, स्थिति, बीमारी की गंभीरता, उतार-चढ़ाव, चरण और आपके पिछले इतिहास को शामिल करके सही दवा की पहचान करते हैं। जो मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ देने में सहायक सिद्ध होती है।



किसी भी दवाई के बारे में एक मूल बात ध्यान रखें कि कोई भी दवाई आपकी शारीरिक व मानसिक स्थिति, आपकी बीमारी के लक्षणों और आपकी उम्र आदि के हिसाब से चिकित्सक द्वारा निश्चत की जाती व दी जाती है। एक चिकित्सक को अपनी डिग्री पूरी करने के बाद प्रेक्टिस के साथ-साथ यह सीखने का मौका मिलता है कि कौनसी दवाई किस रोगी को कब, किस तरह से व किस शक्ति में व किस रूप में दी जानी चाहिए।

**–प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना,**
**वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य,**
**स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेन्टर, जयपुर।**

---

# सांभर के देवयानी तीर्थ स्थल की हो रही अनदेखी, प्रमुख घाटों पर गंदगी का आलम

## सरोवर में आस्था के नाम पर खंडित मूर्तियां और पूजा सामग्री डाली जा रही है

**सांभर, (निसं)।** प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में सुमार देवयानी तीर्थ स्थल सरकार और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है। प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की ओर से स्नान और पूजा-अर्चना के बाद वेस्ट पूजा सामग्री, वस्त्र डाले जा रहे हैं। आस्था के नाम पर तीर्थ स्थल में खंडित मूर्तियां भी डाली जाती है।

घाटों के चारों ओर विभिन्न देवी देवताओं के अति प्राचीन मंदिरों के इतिहास का महाभारत व अन्य धार्मिक ग्रंथों में इसका उल्लेख भी है। इसके बावजूद इन ऐतिहासिक धरोहरों व मंदिरों के रखरखाव की दिशा में स्थानीय प्रशासन और सरकार पूरी तरह से नकारात्मक बनी हुई है। सरोवर में जलकुंभी ने अपना साम्राज्य बना लिया है। कुंड में बारिश के पानी के अलावा अन्य कोई स्त्रोत जल के आवन का नहीं है, ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही लगातार जल स्तर का घटना चिंता का विषय है। सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियां, जलीय कछुए है, जिनके जीवन पर आने वाले समय में पानी की कमी से संकट उत्पन्न हो सकता है, इस स्थिति को लेकर न तो जनप्रतिनिधियों को चिंता है और न हीं जिम्मेदार प्रशासन को इसकी परवाह है। साफ सफाई पूरी तरह से चौपट बनी हुई है। धर्मप्रेमी भी अपनी भूमिका भूल चुके हैं। बताया जा रहा है कि यदि आने वाले समय में सरोवर से जलकुंभी को हटाने और साफ-सफाई का कार्य नहीं किया गया तो जलीय जीव जंतुओं को खतरा उत्पन्न हो सकता है। पहले भी अनेक दफा इस मामले में प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये हैं।



**सांभर के देवयानी तीर्थ स्थल में साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है।**

- **सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियां, जलीय कछुए हैं, जिनके जीवन पर आने वाले समय में पानी की कमी से संकट उत्पन्न हो सकता है**
- **देवयानी तीर्थ स्थल सरकार और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है**

---

# आर.टी.ई. में एडमिशन को लेकर आ रही समस्या, हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह सकते हैं

- **शिक्षा निदेशालय की ओर से नियमों में किए गए बदलाव की वजह से बड़ी संख्या में अभिभावकों की परेशानी बढ़ी**
- **शिक्षा निदेशाालय ने संशोधित नियम के अनुसार आयु गणना की तारीख में बदलाव किया है**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में शिक्षा सत्र 2024-25 की निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 3 अप्रेल से शुरू हो चुकी है। शिक्षा निदेशालय की ओर से नियमों में किए गए बदलाव की वजह से बड़ी संख्या में अभिभावकों की परेशानी बढ़ी गई है। शिक्षा निदेशाालय ने संशोधित नियम के अनुसार आयु गणना की तारीख में बदलाव किया है। इस कारण श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ सहित प्रदेश के हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित हो जाएंगे।संशोधित नियम के तहत इस बार नर्सरी और पहली कक्षा निःशुल्क प्रवेश में दिया जा रहा है। नर्सरी कक्षा में प्रवेश के लिए आयु सीमा 3 साल से अधिक और 4 साल से कम होनी जरूरी है। वहीं पहली कक्षा के लिए 6 वर्ष या उससे अधिक और 7 वर्ष से कम होनी चाहिए। विद्यालय में प्रवेश के लिए बालक-बालिका की न्यूनतम व अधिकतम आयु इस वर्ष 31 जुलाई 2024 को पूर्ण होनी चाहिए। आरटीई में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीन से 21 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। आयु गणना की तारीख में बदलाव के अनुसार 1 अप्रेल 2020 से 30 जुलाई 2020 के बीच जन्म लेने वाले बच्चों का आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहा है। पिछले साल आयु गणना 31 मार्च 2023 के अनुसार रखी गई थी, जो इस बार 31 जुलाई 2024 कर दी गई है। पिछले वर्ष कई बच्चे उम्र कम के चलते प्रवेश नहीं ले पाए तो इस वर्ष उम्र अधिक होने के कारण आवेदन से वंचित होंगे।

अभिभावक सूरज कुमार का कहना है कि 2020 में अप्रेल से जुलाई के बीच जन्मे बच्चों का पिछले साल भी उम्र कम के कारण आरटीई में प्रवेश नहीं हुआ। वहीं इस बार ये बच्चे उम्र अधिक होने से प्रवेश से वंचित रहेंगे।

गिरजेशकांत शर्मा, डीइओ, मुख्यालय (प्रारंभिक व माध्यमिक), श्रीगंगानगर का कहना है कि आरटीई में प्रवेश के लिए आयु को लेकर तीन-चार अभिभावक मिले थे। इनकी आयु को लेकर समस्या थी लेकिन शिक्षा निदेशालय के स्तर पर ही 4 से 6 साल आयु वर्ग के बच्चों के ऑनलाइन आवेदन करवाने संबंधित समक्ष कार्यवाही की जा सकती है। इसमें स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग कुछ भी नहीं कर सकता।

---

## राशिफल मंगलवार 9 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, रेवती नक्षत्र प्रातः 7:32 तक, वैधृति योग दिन 2:18 तक, किस्तुघ्न करण दिन 10:11 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 7:32 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग प्रातः 7:32 से रात्रि 8:31 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग प्रातः 7:32 से बुधवार प्रातः 5:01 तक है। आज से बसन्त नवरात्र आरम्भ होंगे। आज चैत्र शुक्लादि, गुडी पडवा, कल्पादि, ध्वजारोहण, सवत्सर फल श्रवण, वैधृति पूण्यं है। पंचक प्रातः 7:32 से समाप्त होंगे। आज घट स्थापना अभिजित मुर्हूत में करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। अभिजित मुर्हूत का समय दिन 12:04 से 12:54 तक रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:21 से 10:55 तक, लाभ-अमृत 10:55 से 2:02 तक, शुभ 3:36 से 5:10 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:44

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। शुभ धार्मिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक परेशानियां दूर होने लगेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

**मकर**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 247 प्रभात जयपुर, मंगलवार 9 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**A WAR AVERTED WITH STICKS**

Another voice now got onto my frequency. "Shut up, you rascal. Stop this nonsense. DO NOT START A NEW WAR ON YOUR OWN."

# 2019 में राहुल गांधी ने गहलोत व कमलनाथ को डांट पिलायी थी

## नाराज़गी का कारण था, दोनों नेता अपने-अपने पुत्रों को जिताने में ही व्यस्त थे तथा अन्य सीटों की अवहेलना हो रही थी, चुनाव प्रचार की दृष्टि से

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और कमलनाथ को जमकर लताड़ा था और कहा था कि आप लोगों का ध्यान सिर्फ अपने पुत्रों के चुनाव पर था, जिसका परिणाम यह हुआ कि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की अनदेखी की गई।

वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 के परिदृश्य का दोहराव है।

अशोक गहलोत का पूरा फोकस अपने पुत्र वैभव गहलोत के चुनाव पर है। वह अपनी पार्टी के सभी अन्य सभी प्रत्याशियों और निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गहलोत ने बसपा प्रत्याशी को अपना नाम वापस लेने के लिए राजी कर लिया है ताकि उन्हें मायावती के वोट बैंक यानी दलितों के वोटों की मदद मिल सके। बसपा प्रत्याशी गहलोत का आदमी था। पहले उसे चुनाव लड़ने के लिए कहा गया और अब उसे नाम वापिस लेने के लिए कहा गया है।

सूत्र कहते हैं कि गहलोत के गृह क्षेत्र जोधपुर में भाजपा के गजेन्द्र सिंह शेखावत के हाथों पिछला लोकसभा चुनाव हार चुके वैभव गहलोत की राह जालोर-सिरोही में भी आसान नहीं है।

- **पांच साल बाद, पुनः 2019 की स्थिति दोहरा रहे हैं दोनों नेता, अब 2024 के लोकसभा चुनाव में।**
- **अशोक गहलोत इस बार भी अपने पुत्र वैभव की जालौर-सिरोही सीट पर सिमट कर रह गये हैं।**
- **हालांकि, इस बार भी वैभव के जीतने की संभावना क्षीण है। जैसा कि विदित ही है, वैभव गहलोत परिवार की पुरानी सीट पर हार गये थे।**
- **पर, विडम्बना यह है कि, गहलोत का पूरा ध्यान अपने पुत्र की सीट पर ही केन्द्रित है और वे राजस्थान की अन्य सीटों पर मुश्किल से निकल रहे हैं, उन्हें राजस्थान की चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति में मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहलोत की मदद की है।**
- **पर, गहलोत ने अपने पद का उपयोग करते हुए, प्रियंका गांधी का प्रोग्राम तय करवा दिया है, जालौर में आमसभा संबोधित करने के लिये।**
- **पर, यह भी सच है कि, गहलोत के अथक प्रयासों के बावजूद, पुत्र कमजोर विकेट पर है जालौर में, क्योंकि धीरे-धीरे बाहरी उम्मीदवार होने का चार्ज वैभव पर चिपकता जा रहा है।**

वैभव मूलतः अपने पिता के व्यापारिक हितों तथा उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के साथ डीलिंग का काम करते हैं और राजनीति से उनका कोई लेना देना नहीं है। लेकिन अशोक गहलोत का एकमात्र मिशन रह गया है, जूनियर गहलोत को जितवाना।

इसके बिल्कुल विपरीत सचिन पायलट अपनी पार्टी के उम्मीदारों के चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान भर में दौरा कर रहे हैं। उनकी सभाओं में दौरे घूम भारी भीड़ उमड़ रही है और वे जनता से कांग्रेस के लिए समर्थन मांग रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि गहलोत कहीं भी चुनाव प्रचार करते नहीं दिख रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें एक राजस्थान में कांग्रेस की चुनाव प्रचार कमेटी का चेयरमैन बना दिया गया है जो अपने आप में हैरान कर देने वाली घटना है।

ए.आई.सी.सी. में इसको लेकर चर्चा है कि गहलोत ने शायद स्वयं को चुनाव प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनवाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को राजी किया होगा।

वैभव गहलोत के पक्ष में जालोर-सिरोही में आगामी 14 अप्रेल को हो रही रैली को संबोधित करने के लिए गहलोत ने प्रियंका गांधी को भी मना लिया है। राहुल गांधी जोधपुर में करण सिंह के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

एक पुरानी कहावत है, चीजें जितनी ज्यादा बदलती हैं उतनी ही ज्यादा वे मूल स्वरूप में होती है। लगता है ऐसी ही गाथा कुछ कांग्रेस और गहलोत की है।

## कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस में समझौते पर मुहर लगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस ने सोमवार को घोषित किया कि, उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू व कश्मीर एवं लद्दाख में संयुक्त रूप से मिलकर लड़ने का निर्णय किया है दोनों पार्टियां तीन-तीन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतरेंगी।

नैशनल कॉन्फ्रैंस अनंतनाग, श्रीनगर व बारामूला की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी जबकि कांग्रेस उधमपुर, जम्मू व लद्दाख सीट पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

दिल्ली में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेता उमर अब्दुल्लाह कहा कि नैशनल कॉन्फ्रैंस उधमपुर, जम्मू व लद्दाख सीट

- **जम्मू कश्मीर में दोनों दल 3-3 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।**

पर कांग्रेसी प्रत्याशियों का समर्थन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि "इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने से जम्मू व कश्मीर एवं लद्दाख की जनता की महत्वकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी और उनका संसद में सही मायने में प्रतिनिधित्व होगा।"

सीटों के बंटवारे का यह समझौता कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेताओं के मध्य विस्तृत चर्चा के बाद लिया गया है। इस पत्रकार सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सीट शेयरिंग कमेटी के एक सदस्य सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे।

जब इंडिया गठबंधन में पी.डी.पी. के शामिल होने के बारे में सवाल किया तो उसके जवाब में उन्होंने कहा कि पी.डी.पी. अभी भी गठबंधन का हिस्सा

( शेष पृष्ठ 4 पर )




## आज दिल्ली में एन.डी.ए. की और बैंगलुरू में इंडिया ब्लॉक की मीटिंग

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। मंगलवार को नई दिल्ली में सत्तारूढ़ नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) की मीटिंग हो रही है इसमें 38 पार्टियों के नेता शामिल होंगे, इनमें वो दल भी शामिल हैं जिनका संसद में कोई

- **एन.डी.ए. की मीटिंग में 38 पार्टियां शामिल होंगी, वहीं इंडिया ब्लॉक की बैठक में 26 पार्टियां भाग लेंगी।**

प्रतिनिधि नहीं है।

एक पत्रकार सम्मेलन में सोमवार को इस बैठक के बारे में घोषणा करते हुए भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पिछले वर्षों में एन.डी.ए. की लोगों तक पहुंच व उसकी संभावना में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सकारात्मक योजनाओं व नीतियों के कारण एन.डी.ए. के घटक

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# पूर्व मु.मंत्री वाय.एस.आर. की राजनीतिक विरासत के लिये भाई-बहन आमने सामने

## वर्तमान मु.मंत्री वाय.एस. जगन मोहन रेड्डी व उनकी बहन शर्मिला, जो कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष भी हैं, के बीच चल रहे युद्ध ने चुनावों को रोचक बना दिया है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। आंध्र प्रदेश सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाय.एस.आर.सी.पी.) और तेलुगू देसम पार्टी (टी.डी.पी.) के बीच एक मजेदार चुनावी मुकाबले का साक्षी बन रहा है।

टी.डी.पी., जन सेना और भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन में हैं, लेकिन एक और अधिक दिलचस्प छोटा मुकाबला मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी और उनकी बहन वाय.एस. शर्मिला के बीच अपने पिता की विरासत को लेकर है। संयोगवश, वाय.एस. शर्मिला ने इस वर्ष की शुरुआत में ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रमुख का पद संभाला है।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव

- **मजे की बात यह है कि इस रोचक जंग में भाजपा पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यहां जगन मोहन की पार्टी और चन्द्र बाबू नायडू की पार्टी, चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनी तो, मोदी को अपना समर्थन देना जारी रखेगी।**

एक उम्मीद के मुताबिक द्वि ध्रुवीय संघर्ष होता, लेकिन यहाँ कांग्रेस के पुनरुत्थान और शर्मिला के मौजूदगी ने इसे रोचक बना दिया है। शर्मिला वाय.एस.आर. की बिद्दा अर्थात बेटी के नाम पर वोट मांग कर अपने चुनाव प्रचार में एक भावनात्मक पुट डाल रही हैं। हालांकि, उन्होंने अपने भाई पर कुशासन का आरोप लगाने की कभी कोशिश नहीं की, लेकिन वे उनके आपराधिक अतीत को लेकर जरूर आरोप लगा रही हैं जिसमें वह राजनीतिक हत्याओं के कथित रूप से मास्टरमाइंड रहे थे।

मजेदार बात यह है कि आंध्र प्रदेश में कोई भी जीते भाजपा को कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव परिणाम के बाद बनने वाली केन्द्र सरकार के दौरान वाय.एस.आर.सी.पी. और टी.डी.पी. दोनों ही भाजपा का समर्थन करेंगे। वाय.एस.आर.पी. ने प्रत्येक मुद्दे पर संसद में भाजपा सरकार का समर्थन कर हर मुश्किल वक्त में उसका साथ

( शेष पृष्ठ 4 पर )




# वर्तमान चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्र.मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। वर्तमान चुनाव में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पहली शिकायत दर्ज करवाई। कांग्रेस ने सोमवार को मोदी पर आरोप लगाया कि वे कांग्रेस के घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग आज़ादी से पहले की विचारधारा और सोच से कर रहे है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इस पर कार्यवाही करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छः अप्रैल को अजमेर में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र को "झूठ का पुलिंदा" बताया था और कहा कि, इसमें "आजादी से पहले की मुस्लिम लीग के विचारों की गहरी" छाप नजर आती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, मोदी की टिप्पणियों ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और भारतीय दंड संहिता (इंडियन पीनल कोड) की धारा 153के तहत, "दो समुदायों के बीच धर्म के आधार पर शत्रुता फैलाने" के लिए दण्डनीय कृत्य है।

- **चुनाव आयुक्त के समक्ष यह शिकायत दर्ज करते हुए, कांग्रेस के कहा, प्र.मंत्री मोदी ने अजमेर में विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस का वर्तमान सोच व चिंतन में आज़ादी के पूर्व मुस्लिम लीग की फिलॉसफी का प्रतिबिम्ब है और यही सोच देश के विभाजन का आधार बनी थी।**
- **शिकायत के अनुसार, प्र.मंत्री ने जनता को धर्म के नाम पर ध्रुवीकृत करके चुनाव में लाभ उठाने का प्रयास किया है। दो समुदायों में साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया है, अतः प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये।**
- **एक अन्य शिकायत में कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि, भाजपा ने भारतीय सेना व जवानों के फोटो को अपने चुनाव प्रचार में उपयोग किया है, जो कानूनन वर्जित है।**

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत में कहा है, "असत्य, अज्ञात और अफसोसजनक दावे करके, नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं की भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया है। विभाजन की दहशत की याद दिलाई, मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की है।" शिकायत में कहा गया है कि, प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से कांग्रेस समर्थकों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है क्योंकि उन्होंने जनता को विश्वास दिला दिया है कि कांग्रेस "भारत को विभाजित" करना चाहती है।

कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा, "यही वक्त है जब चुनाव आयोग, सभी राजनैतिक दलों को समान अवसर देना सुनिश्चित करके, अपनी निष्पक्षता दर्शा सकता है। अपने स्तर पर, इस शासन को बेनकाब करने के लिए, हम सभी रास्तों, राजनैतिक और कानूनी की खोज करते रहेंगे।"

मोदी की टिप्पणियों पर की गयी शिकायत, उन पांच शिकायतों में से एक है जो कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की है। एक अन्य शिकायत में पार्टी ने प्रधानमंत्री के रक्षा कर्मियों के साथ बने हुए विडियो का चुनाव प्रचार में इस्तेमाल करने के लिए, भाजपा के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री, स्मृति ईरानी के "एक्स" पर एक हालिया पोस्ट को उद्धत किया,

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# एस.ओ.जी. ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के प्राचार्य को गिरफ्तार किया

## आर.पी.एस.सी. की प्राध्यापक हिन्दी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) अजमेर की ओर से आयोजित प्राध्यापक हिन्दी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में फर्जी डिग्री मामले में मेवाड़ यूनिवर्सिटी का प्रिंसिपल, डीन और प्रोफेसर फार्मेसी विभाग को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वी.के. सिंह ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से आयोजित प्राध्यापक हिन्दी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 की परीक्षा 15 अक्टूबर 2022 को आयोजित की गई थी। जिसमें ब्रहमा कुमारी व कमला कुमारी चयनित होकर राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर में मेवाड़ यूनिवर्सिटी द्वारा जारी फर्जी-जाली डिग्री, अंकतालिका पेश करने पर राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 व पुलिस थाना सिविल लाईन अजमेर में प्रकरण दर्ज करवाकर एसओजी द्वारा जांच पडताल आरम्भ की गई।



कौशल किशोर चन्द्रुल

■ एस.ओ.जी. अब आरोपी प्राचार्य कौशल किशोर चन्द्रुल को रिमांड पर लेकर मेवाड़ विश्वविद्यालय से जुड़े अन्य संदिग्धों के बारे में पूछताछ करेगी

इस प्रकरण में अभ्यर्थी ब्रहमा कुमारी को पूर्व में गिरफ्तार जांच की गई। जहां जांच पडताल में सामने आया है कि मेवाड यूनिवर्सिटी का प्रिंसिपल द्वारा दी गई। इस पर मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चित्तोड़गढ में पदस्थापित कौशल किशोरचन्द्रुल निवासी मानसरोवर जयपुर हाल डीन और प्रोफेसर फार्मेसी विभाग की संलिप्तता पाई जाने पर सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। जिसे रिमांड प्राप्त कर मेवाड विश्वविद्यालय से जुड़े अन्य संदिग्धों के बारे में पूछताछ की जायेगी।

## चुनाव कार्य में नियुक्त कार्मिकों के मानदेय में वृद्धि

**जयपुर**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान और मतगणना सहित अन्य कार्य में नियुक्त कार्मिकों के मानदेय में वृद्धि की गई है। गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन बूथ पर नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को अब प्रथम दो दिवस के लिए 1,000 रुपये तथा दो दिवस से अधिक ड्यूटी पर 500 रुपये प्रतिदिवस पारिश्रमिक दिया जाएगा। पूर्व में माइक्रो ऑब्जर्वर को पारिश्रमिक के रुप में एकमुश्त 1,000 रुपये दिए जाते थे। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के कारण कई माइक्रो ऑब्जर्वर की चुनाव ड्यूटी दो दिवस से अधिक होती है। अब इस वृद्धि से उन्हें लाभ मिल सकेगा। मतदान व मतगणना दल के साथ नियुक्त सहायक कर्मचारी का दैनिक भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये किया गया है। इसी प्रकार, मतदान दल, जोनल मजिस्ट्रेट, एरिया मजिस्ट्रेट के साथ नियुक्त कार्मिक, होम गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, ग्राम रक्षक दल, एनसीसी सीनियर कैडेट, भूतपूर्व सैनिक आदि का मानदेय 350 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया गया है।

# सांगानेर में जमीन के लिए परिवार को पत्थरों से मारा

## इस पथराव में युवक, उसकी पत्नी और बेटा घायल

■ सांगानेर में दादाबाड़ी जैन मंदिर के नजदीक एक जमीन पर कब्जा लेने की बात पर हुआ था दो पक्षों में पथराव

■ सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पथराव करने वाले पक्ष के दो लोगों को हिरासत में लिया और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया

**जयपुर**। सांगानेर में दादाबाड़ी जैन मंदिर के नजदीक एक जमीन पर कब्जा लेने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान सोमवार को जमीन पर कब्जा लेने आए पक्ष के पन्द्रह बीस लोगों ने दूसरे पक्ष पर जमकर पथराव कर दिया। जिसमें एक परिवार को निशाना बनाया गया। जिसमें पति-पत्नी और बेटा शामिल थे। सरेआम पथराव को देखकर क्षेत्र में दहशत फैल गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पथराव करने वाले पक्ष के दो लोगों को हिरासत में लिया। जबकि दो को गिरफ्तार किया। पथराव करने वाले अन्य लोग भाग गए। पथराव में चार लोग घायल हो गए। पुलिस मौके से भागे अन्य बदमाशों को तलाश रही है। पथराव का भयावह कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से लोगों में दहशत है। पुलिस ने जबरन कब्जे के प्रयास में सुभाष कुमार (40) भरतपुर उच्चैन निवासी व नंद किशोर (45) चाकसू निवासी को मौके पर दबोच लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ करने में जुटी हुई है। सभी बदमाश भरतपुर जिले के बताए जा रहे है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर जाप्ता तैनात किया है।

पुलिस ने बताया कि जमीन खुद की होने का दावा करने वाले दूसरे पक्ष के भरतपुर के बयाना निवासी सुभाषचंद व नंदकिशोर को शांति भंग करने के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी विवादित जमीन में से 600 वर्गगज जमीन खरीदना बताया है और पहले भी दोनों पक्षों में कब्जा लेने की बात को लेकर झगड़ा हो चुका है। मौके पर रहने वाले पक्ष के शंकर सुईवाल ने दूसरे पक्ष के खिलाफ पथराव करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पथराव करने वाले अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। मामले की जांच की जा रही है। पथराव में घायल हुए लोगों का कहना है कि बदमाश सोमवार दोपहर को घरों में महिलाएं थीं, तब जमीन पर कब्जा करने पहुंचे और विरोध करने पर महिलाओं पर पथराव कर दिया।

# कलाकारों ने गीतों और नृत्यों में दर्शायी लोक संस्कृति की झलक



**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र के 31वें स्थापना दिवस पर चल रहे दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आखिरी दिन सोमवार को कई कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समूचे परिसर को जश्न के रंग में दिया। कार्यक्रम में कलाकार सीमा मिश्रा और गाजी खान बरणा एवं समूह के मांगणियार कलाकारों ने राजस्थानी लोक संगीत की प्रस्तुति में राजस्थान की लोक संस्कृति का अक्स दर्शाया।

नृत्य निर्देशक डॉ. रूपसिंह शेखावत के निर्देशन में हुई लोक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह कृष्णायन सभागार में आयोजित किया गया। 25 से अधिक प्रतिभागियों ने गणगौर के अवसर पर होने वाले नृत्य से प्रस्तुति की शुरुआत की। सभागार में ईसर और गणगौर की प्रतिमा भी विराजमान की गई। गायन पर मुन्ना लाल भाट, ढोलक पर विजेन्द्र सिंह राठौड और तबले पर विजय बानेट ने संगत की। केन्द्र के रंगायन सभागार में कलाकार सीमा मिश्रा और गाजी खान बरणा ने मांगणियार शैली गायन में जुगलबंदी पेश की। इसके बाद वाद्य यंत्रों खड़ताल-, ढोलक और मोरचंग की जुगलबंदी ने कार्यक्रम में रंग जमाया। दमादम मस्त कलंदर... और छाप तिलक...जैसे सूफी तरानों ने माहौल में सूफीयाना रंग घोल दिया।ढोलक पर महेंद्र शर्मा, पवन डांगी, जस्सू खान, तबले पर सावन डांगी, की-बोर्ड पर हेमंत डांगी, ऑक्टोपैड पर वसीम खान, भांवरू खान लंगा ने सिंधी सारंगी, धानू खान ने खड़ताल, मोरचंग, भपंग व दर्रे खान ने गायन के साथ हारमोनियम पर संगत की। अलंकार दीर्घा में केन्द्र के 31 साल के सफर को तस्वीरों के जरिए बयां किया गया।

## मैच पर सट्टा लगाते चार बदमाश पकड़े

**जयपुर**। महेश नगर पुलिस ने कमिश्नरेट की डीएसटी साउथ टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैंच पर सट्टा लगाते बीकानेर के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी टीम ने सटोरियों के कब्जे से पांच लैपटॉप और 18 मोबाइल फोन बरामद किए है। डीएसटी टीम को सटोरियों के पास से करोडो का हिसाब भी मिला है।

डीएसटी साउथ के प्रभारी नंदलाल नेहरा ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की गोपी रेजीडेंसी ,स्वेज फार्म में कुछ बदमाश आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे है। सूचना पर महेश नगर थाना पुलिस और कमिश्नरेट की डीएसटी साउथ की टीम ने मौके पर पहुंची।

जहां पर चौथी मंजिल पर एक कमरे में आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए मनमोहन उर्फ मोंटी पुत्र त्रिलोक चंद जैन गंगा शहर बीकानेर निवासी ,रजनीश पंवार पुत्र राजकुमार माली गंगा शहर बीकानेर ,कन्हैया लाल पुत्र लूणा राम बीकानेर निवासी ,जगदीश पुत्र ओम प्रकाश माली गंगा शहर बीकानेर निवासी मिले। पुलिस ने चारों सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप और करोड़ो के सट्टे के हिसाब की पर्चियां बरामद की है।

# प्रदेश के 25 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव मैदान में 266 प्रत्याशी

## वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले प्रत्याशियों की संख्या इस बार 17 अधिक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान में सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। प्रदेश में 266 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। इनमें 247 पुरूष और 19 महिला प्रत्याशी हैं। पहले चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 102 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल हैं। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 152 प्रत्याशी मुकाबले में हैं, जिनमें 145 पुरूष एवं 7 महिलाएं शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम 4 प्रत्याशी करौली-धौलपुर में हैं। उन्होंने बताया कि 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में महिला प्रत्याशी हैं। सर्वाधिक 3 महिलाएं भरतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

■ प्रदेश में इस बार सबसे ज्यादा 18 प्रत्याशी चित्तौडगढ़ में हैं, सबसे कम 4 करौली-धौलपुर में

गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले प्रत्याशियों की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्तमान में 266 (247 पुरूष, 19 महिला) प्रत्याशी मुकाबले में हैं। वर्ष 2019 में कुल 249 (226 पुरूष, 23 महिला) प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। प्रत्याशी की संख्या 17 की वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल और दूसरे चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के ट्रायल



**जयपुर** (कासं)। अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग (डी.पी.टी.एल.) के ट्रायल संपन्न हो गए है, इसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सैन और डी.पी.टी.एल. पेट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि सीनियर वर्ग के ट्रायल में डॉ. आधार माथुर का आइकॉन कैटेगरी, डॉ. हर्षित और डॉ. अर्चन देसाई, डॉ. अमन शुक्ला का प्रीमियम कैटेगरी, डॉ. शुभम सैनी, डॉ. विपुल यादव का प्लैटिनम श्रेणी, डॉ. लोकेश छबलानी और डॉ. दीपेंद्र का एमेराल्ड केटेगरी में चयन हुआ। लीग सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस संस्करण में वीमेन सिंगलस और मिक्स्ड डबलस के अलावा नवाचार के रूप में डी.पी.टी.एल. ट्राइओ चैंपियनशिप का आयोजन भी किया जायेगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में प्रखर गुप्ता का आइकॉन केटेगरी, डॉ. सात्विक जैन प्रीमियम केटेगरी और हर्ष इंद्रा का चयन प्लैटिनम केटेगरी में चयन हुआ। लीग कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज़ ने बताया की चतुर्थ संस्करण डी.पी.टी.एल. पुरुष वर्ग में 16 टीमें और जूनियर वर्ग में पाँच टीमें भाग लेंगी। इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग-मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। लीग चयनकर्ता डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि ट्रायल में जयपुर के अलावा चूरू, सीकर, झुंझुनूं, भरतपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, अजमेर, जालोर और उदयपुर के खिलाडियों ने भाग लिया। लीग कोर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि खिलाडियों का ऑक्शन 14 अप्रैल को जयपुर के होटल निर्बाना पैलेस में आयोजित किया जायेगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि डीपीटल में 6 से 11 वर्ष के वर्ग के बच्चों के लिए ओपन सिंगलस और डबलस टेनिस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

### गिरिराज खंडेलवाल पुनः अध्यक्ष बने



**जयपुर**। जयपुर जिला सॉफ्टबॉल संघ के चार वर्ष के नये कार्यकाल के लिए पूर्व पार्षद गिरिराज खंडेलवाल को पुन: अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा शीर्ष व्यापारिक संगठन फोर्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। खेलों के लिए सतत समर्पित गिरिराज खंडेलवाल अनेक खेल संगठनों से जुड़े हुए हैं। रविवार को अजमेर रोड स्थित होटल श्री रेजिडेंसी धूलेश्वर गार्डन में सभी पदों पर निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में गिरिराज खंडेलवाल के अलावा प्रमुख समाजसेवी सज्जन सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयपुर ग्रेटर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी को उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल तंवर को सचिव तथा प्रीतम तंवर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, श्रीमती जगदीश कौर सैनी को चेयरमैन, डॉ अरुण सोनी को वाइस चेयरमैन चुना गया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा,अजय शर्मा, शिव शर्मा, साहिल शर्मा तथा संयुक्त सचिव नरेंद्र तंवर, अक्षय मेहता, सुरेंद्र जांगिड़, लोकेश सैनी बनाये गये हैं। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर जगदीश नारायण सैनी, धर्मेंद्र आशीषजा, मुकेश सैनी, जॉनी मक्कड़, शैलेश कुमार, प्रमेन्द्र शर्मा निर्वाचित हुए हैं। नयी कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2024 से 2028 तक रहेगा।

### बेकाबू ऑटो पलटा, चालक की मौत

**जयपुर**। राजमहल चौराहे पर देर रात एक ऑटो बेकाबू होकर डिवाइडर पर पलट गया। सिर में चोट लगने से बुजुर्ग ऑटो चालक की मौत हो गई। हादसे की जांच दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार रात करीब पौने दस बजे राजमहल चौराहे पर एक ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में 70 वर्षीय ऑटो चालक बाबू खां निवासी ताला अचरोल घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी देर रात अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जांच अधिकारी हरिनारायण ने बताया कि बाबू खां किराए का ऑटो चलाता था और शहर में कहीं पर भी रोड साइड ऑटो लगाकर उसमें ही सो जाता था। वह अपने परिवार से अलग रहता था।

### 'सूर्य की आकृति वाले खंभे ही लगे'

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के जौहरी बाजार में सूर्य की आकृति वाले विद्युत पोल ही लगाने की मांग को लेकर "म्हारो जैपर, प्यारो जयपुर" के प्रतिनिधि मण्डल ने सुनील कोठारी के नेतृत्व स्मार्ट सिटी कमिश्नर अभिषेक सुराणा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जयपुर की जनता की भावनाओं के अनुरूप जौहरी बाजार में सूर्य की आकृति वाले खंभों को बचाते व सुरक्षित रखते हुए ही नए खंभे भी हुबहू इसी प्रकार के बनाए जाए। सुराणा ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि किसी प्रकार भी धरोहर और सुंदरता को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा, इसको संरक्षित व सुरक्षित रखते हुए बाजार में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। प्रतिनिधि मण्डल में पार्षद विमल अग्रवाल, इतिहासकार जितेन्द्र शेखावत, विष्णु जायसवाल मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**जयपुर**। बिंदायका थाना इलाके में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि पिंडोलाई के हनुमान नगर में 28 वर्षीय युवक तरुण सिंह ने कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस की सहायता से सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर भिजवा गया है।

# ऑर्गन ट्रांसप्लांट एथिकल कमेटी की बैठक आज

■ एस.एम.एस. अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह व फोर्टिस हॉस्पिटल के विनोद व ईएचसीसी हॉस्पिटल के अनिल जोशी को कोर्ट ने दो दिन के और रिमांड पर भेजा

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल में करीब तीन साल बाद ऑर्गन ट्रांसप्लांट एथिकल कमेटी की मंगलवार को बैठक होने की संभावना है। बैठक को लेकर अस्पताल प्रशासन ने सभी तैयारियों पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि यह बैठक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। बैठक में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल , अधीक्षक और कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। बैठक में आठ से नौ ऑर्गन ट्रांसप्लांट के प्रकरणों पर चर्चा हो सकती है।

उधर दूसरी ओर एसीबी फर्जी एनओसी मामले में फोर्ट्सि अस्पताल के डॉ. संजीव गुप्ता से पूछताछ की। किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर डॉ. गुप्ता से एसीबी ने दस बिंदुओं पर सवाल पूछे। इस बीच मामले में गिरफ्तार एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह व फोर्टिस हॉस्पिटल के विनोद व ईएचसीसी हॉस्पिटल के अनिल जोशी को रिमांड अवधि समाप्त होने पर फिर कोर्ट में पेश किया। इस दौरान एसीबी ने आरोपियों से और पूछताछ करने के लिए कोर्ट से रिमांड अवधि बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर कोर्ट ने तीन आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के और रिमांड पर भेज दिया।

# सवाई मानसिंह अस्पताल में हड़ताल पर रहे रेजिडेंट डॉक्टर, परेशान हुए मरीज

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के कांवटिया अस्पताल में खुले में प्रसव होने के मामले में पिछले दिनों राज्य सरकार द्वारा तीन रेजिडेंट डॉक्टर्स को सस्पेंड करने के विरोध में सोमवार को एसएमएस समेत दूसरे अस्पताल में रेजिडेंट्स डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार किया है। कार्य बहिष्कार के चलते सबसे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

■ अस्पताल में दिनभर मरीजों की लंबी कतारें लगी रही, छोटे ऑपरेशन आगे के लिए टाले गए

सोमवार सुबह एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश कुमावत ने बताया कि पहले फरवरी में सरकार ने गलत खून चढ़ाने के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर को एपीओ कर दिया था। अब भी सरकार ने जांच किए बिना एक पक्ष कार्रवाई करते हुए रेजिडेंट डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया। इस तरह हर बार रेजिडेंट डॉक्टरों पर एक तरफा कार्रवाई करना ठीक नहीं है। जांच करें और बताए कि डॉक्टर की क्या गलती थी। उसके बाद कार्रवाई की जानी चाहिए।

इससे पहले देर रात जार्ड की जीबीएम हुई थी। इसमें सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर सोमवार सुबह से कार्य बहिष्कार का निर्णय किया था। इस कार्य बहिष्कार में ओपीडी के अलावा आईपीडी और इमरजेंसी को भी शामिल रखा। जार्ड अध्यक्ष का दावा है कि इस कार्य बहिष्कार में 1500 से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर्स शामिल हैं।

रेजिडेंट डॉक्टर्स के हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव ओपीडी में रहा। एक दिन छुट्टी होने के कारण आज मरीजों की भीड़ ज्यादा रही। वहीं, चैम्बरों में डॉक्टरों के नहीं मिलने से मरीजों को इंतजार करना पड़ना। असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफसर रैंक के डॉक्टरों के साथ कुछ इन सर्विस डॉक्टरों ने ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखा। उनका इलाज किया। सबसे ज्यादा भीड़ आज जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में रही। यहां सुबह मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली।

हड़ताल के कारण छोटे-मोटे ऑपरेशन को टाल दिया गया। केवल इमरजेंसी और जरूरी ऑपरेशन ही किए गए। इधर, इमरजेंसी में भी इन सर्विस डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई।

दरअसल, पिछले दिनों शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल में एक प्रसूता की डिलीवरी हॉस्पिटल के बाहर चबूतरे पर होने के बाद प्रशासन ने तीन रेजिडेंट डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया था। सरकार ने इस प्रकरण में प्रथम दृष्टया रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. कुसुम सैनी, डॉ. नेहा राजावत और डॉ. मनोज को दोषी माना। उनके निलंबन के आदेश जारी कर दिए। सरकार की इसी कार्रवाई के विरोध में आज डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर दिया।

# साइक्लिस्ट रेणु सिंघी ने देश के दुर्गम रास्तों में शुमार "मियाओ-विजयनगर" में 125 कि.मी. सफर किया

## जोधपुर के प्रद्युम्न सिंह के साथ पूरी की 340 किलोमीटर की सेल्फ सपोर्ट एम.टी.बी.

**जयपुर**। देश-विदेश की कई प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवा चुकी जयपुर की 58 वर्षीय साइक्लिस्ट रेणु सिंघी ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने देश के सबसे दुर्गम रास्तों में से एक माने जाने वाले रास्ते मियाओ से विजयनगर (अरुणाचल प्रदेश) के करीब 125 किलोमीटर का चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग का सफर पूरा किया है। ऐसा करने वाली वे संभवतया देश की पहली महिला हैं। जोधपुर के 61 वर्षीय होटल व्यवसाई प्रद्युम्न सिंह ने भी उनके साथ यह सेल्फ सपोर्ट टास्क पूर्ण की। दोनों ने पांच दिन में असम, अरुणाचल प्रदेश व नागालैंड में करीब 340 किलोमीटर की माउंटेन टेरेन बायसाइक्लिंग (एमटीबी) की।




उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण सफर के बारे में बताया कि असम के डिब्रूगढ़ से इसकी शुरुआत की। पहले दिन 126 किलोमीटर साइकिलिंग कर जयरामपुर रुके। दूसरे दिन वहां से म्यांमार बॉर्डर के करीब स्थित पंगसौ पास गए। घने जंगल और पहाड़ों की चढ़ाई होने से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में ही चार घंटे लगे। फिर 45 किलोमीटर साइकिलिंग कर अरुणाचल प्रदेश के नामपोंग लौटे। अगले दिन मियाओ से बर्मा नाल तक का 35 किलोमीटर का सफर पांच घंटे में पूरा किया। रास्ते में फैले गोल पत्थरों और बारिश के कीचड़ ने इस उबड़-खाबड़ व कच्ची राह को और अधिक मुश्किल बना दिया, लेकिन हमने हार नहीं मानी। इस दौरान खाने-पीने की कोई सुविधा नहीं थी।

प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि अगली सुबह बर्मा नाल से विजयनगर के लिए रवाना हुए, जो हमारे जीवन में अभी तक की सबसे मुश्किल टास्क थी। यहां हमने कुछ स्थानीय लोगों से बात की तो सभी ने कहा कि इस दुर्गम राह पर साइकिलिंग करना असंभव है आप जा ही नहीं पाओगे, लेकिन हम आगे बढ़े। करीब 80 किलोमीटर की इस एमटीबी में 50 किलोमीटर अत्यंत मुश्किल थे। भारत के सबसे घने जंगल के बीच पगडंडी जितनी राह पर साइकिलिंग करना वाकई चुनौतीपूर्ण था। हमने झरने से पानी पिया और रास्ते में जंगली हिरण, बंदर, मुर्गे व गिलहरी देखीं, जो एक रोमांचकारी अनुभव रहा। इसके बाद अंतिम दिन हम गाड़ी से आसाम के सोनारी आए, जहां से साइकिल से नागालैंड बॉर्डर पर मोन (सोनारी) गए। खड़ी पहाड़ी चढ़ाई की वजह से 52 किलोमीटर पहुंचने में सात घंटे लगे।

इस एमटीबी के अनुभवों के बारे में रेणु सिंघी व प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि यह एक एडवेंचरस जर्नी थी, जिसमें हमने उस क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज करीब से देखे, जयरामपुर में म्यांमार व भारत सरकार द्वारा लगाए जाने वाला मार्केट देखा। हमें असम राइफल्स व अरुणाचल प्रदेश के वन विभाग का काफी सपोर्ट मिला। विजयनगर के एंड पॉइंट से वापस लौटने पर स्थानीय लोगों को काफी आश्चर्य हुआ कि पैदल चलने के लिए भी अत्यधिक मुश्किल रास्तों पर हमने साइकिलिंग कैसे पूरी कर ली।

उल्लेखनीय है कि साइकिलिंग के प्रति इस खास जुनून की वजह से रेणु सिंघी लोगों के लिए आज एक मिसाल बन चुकी हैं और साइक्लिंग ग्रुप में उन्हें आयरन लेडी के रूप में जाना जाता है। लंदन-एडिनबर्ग-लंदन 2022 करने वाली वे एकमात्र भारतीय महिला हैं और लगातार 11 बार एसआर का स्टेटस हासिल कर चुकी हैं। रेणु सिंघी अगस्त-19 में फ्रांस में आयोजित पेरिस-बे-पेरिस में 92 घंटे में 1220 किलोमीटर साइकिलिंग कर चुकी हैं। यही नहीं, उन्होंने अक्टूबर-21 में श्रीनगर से खारदुंग-ला होते हुए तुरतुक तक करीब 620 किलोमीटर की टास्क भी पूरी की है।

## शिक्षक पद पर नियुक्ति के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2017, लेवल-2 में उस अभ्यर्थी को नियुक्ति देने को कहा है, जिसने बीएड करने के बाद बीएससी की थी। अदालत ने कहा कि मामले में बीएससी की डिग्री के आधार पर तैयार की गई मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जाए। वहीं उससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को दी गई नियुक्ति की तिथि से याचिकाकर्ता को परिलाभ दिए जाए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता नियुक्त होने के बाद नियमित वेतन सहित अन्य परिलाभ लेने का अधिकारी रहेगा। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश मुकेश कुमार सैनी याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकार्का ने वर्ष 2011 में बीए करने के बाद वर्ष 2013 में बीएड किया था। वहीं उसने वर्ष 2013 से वर्ष 2016 तक ओपीजेएस विश्वविद्यालय से बीएससी उत्तीर्ण की। याचिका में कहा गया कि उसने वर्ष 2015 की रीट परीक्षा में शामिल होकर 75 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। इसके बाद 11 सितंबर, 2017 को निकाली तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल-2 में शामिल होकर कट ऑफ में आ गया। इसके बावजूद उसकी बीएससी के अंकों को शामिल नहीं किया और उसे नियुक्ति नहीं दी।

## Global Holistic Wealth Day



Complete well-being, weaving prosperity across life facets encompass fulfilment, health, and purpose in a seamless tapestry of existence. Founded by best-selling author of *Holistic Wealth*, Keisha Blair, *Global Holistic Wealth Day* is a celebration of life well-lived. Embody the transforming power that comes from living with a purpose, engaging in work that is meaningful, and creating connection with others on both emotional and spiritual levels, in honour and observance of this important day.

#CHAITRA NAVARATRI

# 5 Healthy Foods To Eat While Fasting

*Chaitra Navratri* is a time for spiritual rejuvenation and devotion to *Maa Durga*. Many devotees observe fasts during this nine-day festival, adhering to strict dietary guidelines. But fasting doesn't have to mean sacrificing nutrition.



As *Chaitra Navratri* approaches, millions of *Hindus* around the world prepare for nine days of fasting and devotion. During this auspicious period, fasting is observed as a way to cleanse the body, mind, and spirit, while paying homage to the divine feminine energy. While fasting, it's essential to nourish the body with wholesome foods that provide energy, essential nutrients, and keep you feeling satiated. Here are five healthy foods to incorporate into your 'fasting regime' during *Chaitra Navratri* 2024.

### Seasonal fruits



*Fruits* are nature's gift, packed with essential vitamins, minerals, and antioxidants. Opt for a variety of fruits such as apples, bananas, oranges, berries, and pomegranates. These fruits are not only delicious but also provide a quick energy boost during fasting. You can consume them as whole fruits or blend them into refreshing smoothies to keep yourself hydrated and energised throughout the day.

### Nuts and seeds

*Nuts and seeds* are powerhouse snacks, loaded with protein, healthy fats, and fibre, making them an ideal choice for fasting days. Almonds, walnuts, pistachios, pumpkin seeds, and sunflower seeds are excellent options to munch on when hunger strikes. They help in maintaining blood sugar levels, keeping you feeling full for longer periods, and providing essential nutrients to support overall health.

### Makhana (Fox nuts)



A nutritional powerhouse, *makhana* is a staple '*vrat* food.' These tiny nuts are loaded with protein, fibre, complex carbohydrates, and healthy fats. They can be roasted, boiled, or used in *kheer* (pudding) for a satisfying and nutritious snack.

### Buckwheat flour (*Kuttu ka atta*)

*Buckwheat flour* is a gluten-free alternative that is commonly consumed during fasting periods. It is rich in protein, fibre, and essential minerals such as magnesium and manganese. Buckwheat flour can be used to prepare a variety of dishes including *rotis*, pancakes, and porridge. Its nutty flavour adds a unique taste to your meals while providing sustained energy to keep you feeling full and satisfied.

### *Sabudana* (Tapioca pearls)



*Sabudana* is a popular ingredient used in fasting recipes due to its high carbohydrate content, which provides instant energy. It is gluten-free and easy to digest, making it an excellent choice for those with dietary restrictions or sensitive stomachs. *Sabudana khichdi*, *sabudana vada*, and *sabudana kheer* are some delicious dishes that you can prepare using tapioca pearls during *Navratri* fasting.

# A WAR AVERTED WITH STICKS

We kept talking for 15 minutes. The Pakistani officer became abusive and his soldiers started shouting '*Pakistan Zindabad*.' This irked me. I had a stick in my hand. I lifted it and ran towards the Pakistani officer, shouting choicest *Punjabi abuses* at him. I could hear my company commander asking me to get back, but I was full of rage. Then, a few of my men also followed suit.



Action in Tangdhar, Kashmir.



Pahalgam_Valley



View of Brown Patch from the Pakistani side.



Village Chak Mukam is where the river disappears on the right of the picture.

## # REMINISCENCES



Col Rajinder Singh Kachhwaha

An alumnus of the NDA and the DSSC, Col Rajinder Singh was commissioned in *3 Bihar* in June 1971. He is a prolific writer on defence and security matters and has authored two books, "*Kashmir: A Different Perspective*" and "*The ULFA Insurgency in Assam.*" He has also co-authored "*Victory India*," with Col Vinay Dalvi.

After the 1971 War, the border remained tense for quite some time, though, a ceasefire was in force. The task of delineating the Line of Control (LOC) on the ground, sector wise, by military representatives from both sides, had begun in March 1972. My unit, *3 Bihar*, was located in Tangdhar and we were part of *104 Brigade*. In those days, Nagaon and Kaiyan Bowl were part of 104 Brigade, located at Tangdhar. Post the war, our Brigade Commander, Brig MML Ghai had claimed that we had captured the Kaiyan bowl. This was not strictly true. Kaiyan was a depression, with high hills on all sides. We controlled the entry to it from three directions, but after the war, we found that a *Pakistani* section of nine men held the depression area. Instead of evicting them, we allowed logistic supplies to go to this section, through a narrow corridor, on humanitarian grounds. Some sort of friendship had developed between the *Sikh battalion,* holding the Kaiyan bowl and the *Pakistani section*, and we were confident of throwing them out, if the need arose. Unknown to us, however, the Pakistanis had surreptitiously built up their strength to about a battalion and had dug in defences. Thus, in May 1972, when we attempted to evict what we thought was a section strength of troops, we were confronted with a battalion and suffered heavy casualties.

For the delineation process, led on the Indian side by Lt Gen Prem Bhagat, my CO, Lt Col SS Sahrawat was a member. The LOC, to be delineated in our brigade sector, had been marked jointly by the Commander, Brig Ghai and my previous CO, who had moved out on posting, as an instructor to the Defence Services Staff College. In the map, they had shown village Chak Mukam, located near the banks of the *Neelam Ganga River* as being in Indian-controlled territory. This appeared to be doubtful to Col Sahrawat, as the unit was holding the Sari Ridge and Chak Mukam was a good four odd kms away from our nearest post, '*Amar Singh ki Tekri*.' On the other hand, the Pakistani post was just a few hundred meters away, across the Neelam River. Col Sahrawat asserted that we cannot exercise control over Chak Mukam unless we physically occupy it, but Brig Ghai rubbished that logic and stated that the village, being on our side of the river, ought to be under our domination.

To verify the facts, Col Sahrawat had twice sent patrols to the village but in both cases, the patrol had come under effective fire from the Pakistanis and had been forced to withdraw. Around this time, I had returned to my unit after completing the YO's Course at Belgaum. That night, at 8 P. M., I was leafing through a magazine in the officers' mess shelter at Battalion Headquarters at Nagina post (now called Shararat), when another officer entered. He had fluffy hair and a slim waistline and I thought that he was a Captain from a neighbouring battalion, who had perhaps come with a patrol. I wished him and we got on a discussion of the war and how we had captured the Wanjal feature on the night of 15/16 December. Suddenly, the stranger asked me if I had been to village Chak Mukam.

"Oh, a number of times," I boasted. It was a white lie, because I had been there twice only, in December 1971, immediately after the ceasefire, but which young officer does not give into a bit of bragging, when talking of his wartime exploits to his colleagues! At this time, a few more officers came into the shelter and they were all very deferential to the stranger. And then, it hit me, the officer, whom I had erroneously thought was a young Captain from a neighbouring unit, was none other than my Commanding Officer, Col SS Sahrawat!

> I freed the prisoners on my CO's instructions and moved to Rakhi post. On arrival, I was told to move to Brown Patch. A lot of movement had taken place by this time. It was now a different kind of a situation, 'War without firing,' as I later learnt, a real hand to hand war. Then, Maj. Sinha told me to move to Left Shoulder.

The Adjutant, Capt AD Singh, then introduced me to the CO. "Sir, he is subaltern Rajinder Singh, we call him *Rajee*. He has just returned from the YO's Course." "Yes, AD, I have met him," said the CO. "Fortunately, he knows Chak Mukam quite well. Send him on a Special Mission to the village. We need to know who actually controls that place." And that is how I found myself the next day leading a patrol of twenty men to Chak Mukam.

The Adjutant briefed me after dinner. It transpired that our earlier two patrols could not succeed because of heavy firing from Lubgrian Post of Pakistan, across the Neelam River, just opposite village Chak Mukam. We had laid claims to Chak Mukam in the delineation talks, but the Pakistanis had refuted our claim. "It is possible," the Adjutant said, "that Pakistan has created a post at Chak Mukam." I was briefed to move to 'Brown Patch,' a post between Ghasla Top and Ring Contour and from there to plan my further move to Chak Mukam.

I moved with my patrol to Brown Patch, the next day. After a day's rest, I moved to Chak Mukam by night, and reached well before first light. The CO was to move to *Thako Chak* in Jammu for delineation talks and I wanted to complete the task well before that time.



We moved silently to Chak Mukam and by 5 A.M. had surrounded the village. We entered the village at first light and caught everyone by surprise. We took into custody seven men in *khaki* dress, who were sleeping in a house. Two to three men managed to escape, but we got their weapons. The prisoners were tied up and blindfolded and on questioning, we found that they were from *14 Azad Kashmir Rifles* of Pakistan.

"One five for Two Alpha, what the f***s you are doing? Where are you?" My CO shouted over the set.

"One five, task given to me accomplished. I have occupied village Chak Mukam, taken seven Pakistani soldiers 'prisoner' and now, the villagers have been collected together and I am teaching them the National Anthem."

Another voice now got onto my frequency. "Shut up, you rascal. Stop this nonsense. DO NOT START A NEW WAR ON YOUR OWN. As per message intercepted from across the border, Pakistanis are about to bring down heavy artillery fire on you."

My CO then got back on line. "One Five for One-O-Four, let me handle this. I will retrieve the situation."

"One-O-Four for One five, get this rascal out immediately. I want him to be marched up to me."

"Roger One-O-Four. Hullo, One Five for Two Alpha, leave the place immediately and move to Rakhi."

I was determined to stay put. "Two Alpha for One Five, local villagers want us to stay put. They are complaining about the Pakistani soldiers and their high-handedness. They are…"

The CO cut me short. "One Five for two Alpha, just shut up. Pakistani artillery fire will come down on you in ten minutes. Get out of the place before it begins. Now move."

I freed the prisoners on my CO's instructions and moved to Rakhi post. On arrival, I was told to move to Brown Patch. A lot of movement had taken place by this time. It was now a different kind of a situation, 'War without firing,' as I later learnt, a real hand to hand war.

When I reported to Brown Patch, Maj. Sinha told me to move to Left Shoulder, where the new GOC, Major General SK Sinha was arriving, to personally assess the latest situation around Chak Mukam. I was also told that Pakistan had inducted a large number of additional troops in the Leepa Valley and they were all occupying the lower slopes.

Next day, exactly at 7.30 A.M., I met my CO in his office and briefed him on what had happened. I also handed over what all we had collected from the village, which included an Urdu magazine and a newspaper, published from Muzaffarabad in POK.

"Making the villagers sing the National Anthem has apparently incensed the Pakistanis," the CO told me. "All radio intercepts indicate an attack building up on us in a day or so. But you do not worry. You have done your job." The Brigade Commander, however, was not so forgiving.

At this time, my CO, wanting me out, sent me back to Brown Patch. On reaching there, I found that Pakistani soldiers were holding positions, some 300-400 meters short of Brown Patch, within the range of our small arms. They were about 400 to 500 men, shoulder to shoulder. I had never seen anything stranger than this in my life. After the Kaiyan Bowl incident, we had orders not to open fire unless approved by the Corps HQ. It was then that a thought struck me.

"Sir," I said, addressing my company commander, "if we have orders not to open fire, I think, they too have their orders on the same lines."

"So," said Maj. Sinha.

"Let us physically throw them out." My exuberance had got the better of me.

"How?" Maj. Sinha had an amused look on his face.

"We will tell them to go back, and then physically push them out, if they do not listen." Even to me, this sounded so *unmilitary like*. Maj. Sinha burst out laughing. "You think that we are participating in a wrestling championship here youngster, or facing a fully-armed enemy?"

That silenced me. At 11 A.M., we received a message from the CO, asking Maj. Sinha to talk to the Pakistani Commander on the spot and ask him to move back, otherwise, we would open fire. We collected some 40 men and moved downslope towards the Pakistanis. Negotiations began when we were just 50 meters short of them.

We kept talking for 15 minutes. The Pakistani officer became abusive and his soldiers started shouting '*Pakistan Zindabad*.' This irked me. I had a stick in my hand. I lifted it and ran towards the Pakistani officer, shouting choicest *Punjabi abuses* at him. I could hear my company commander asking me to get back, but I was full of rage. Then, a few of my men also followed suit.

Lo and behold! The scene transformed thereafter. The Pakistani soldiers started running back. Seeing this, the company commander ordered all other men from Ring Contour, Brown Patch and Ghasla Top to start physical assault with sticks. And everywhere, the Pakistanis were on the run. Maj. Sinha then apprised the CO about this latest development, who, in turn, apprised the GOC.

"I want such spirited men in my Division," was the GOCs response. He then told the CO to stop short of Chak Mukam village. Accordingly, we stopped short by about 200 meters and took up positions. So did the Pakistanis. At places, we were just lying five meters away from each other.

Meanwhile, Pakistani opened up another front towards Ghasla Top from their post at Shishaldi feature. GOC, at Left Shoulder, saw this happening and he asked our Medium Machine Gun to open fire, but in the air. Pakistani soldiers ran away and our men moved down and occupied more advantageous positions. Thus, the game spread to entire Leepa Valley. This wrestling match continued till next 15 days, when the LOC was finally agreed to on the ground, during a flag meeting at '*Amar Singh Tekri*.' I was present there, along with my CO, who was head of our delegation.

Eight months later, in February 1973, while driving from Chowkibal in J&K to Dharamshala in Himachal Pradesh, to attend Captain AD Singh's marriage, my CO, in a happy mood, told me, "*Rajee,* you know your act of charging the Pakistanis at Brown Patch had averted an Indo-Pak war." I did not know it, then, but the GOC had basically come to assess the ground situation and approve an attack plan to throw out the Pakistanis. A brigade had concentrated for the attack near the Niti Pass, some 10 kms, behind our roadhead, but all that changed with '*my charging the Pakistanis with a stick.*'

"What made you do that?," my CO asked.

"Sir, irritation at our Commander's abuses," was my instant response.

"Yea! I thought so," said the CO.

Oh, to be young and foolhardy, as a 21-year-old, caution is not in your USP. And that is what makes us win our wars!

rajeshsharma1049@gmail.com

#J'ADORE

# Summer Style Statement

From chic chain anklets to charming *boho* styles, there's a wide array to complement every taste and ensemble.



As you navigate the *fashion landscape* of summer, consider 'anklets' as the delicate brushstrokes that complete the canvas of your style. In 2024, these ankle adornments have taken on a new level of sophistication and creativity that you won't want to miss out on.

From chic chain anklets to charming *boho* styles, there's a wide array to complement every taste and ensemble. But what makes these essential anklets stand out? Keep an eye out for the key pieces that will effortlessly enhance your summer look. Don't forget to incorporate 'waterproof anklets' for a stylish and practical addition to your summer ward-robe.

### Trendy Chain Anklets

Prepare to enhance your summer ensemble with these essential *trendy chain anklets*! Chain anklets serve as the ideal accessory to infuse your look with sophistication and a hint of edge. Whether you're off to the beach or a rooftop soirée, these anklets will effortlessly elevate your outfit.


The beauty of chain anklets lies in their versatility. You can easily dress them up or down, making them suitable for any occasion.

### Boho Charm Anklets



Elevate your summer *boho style* effortlessly with the enchanting appeal of *boho charm anklets*. These anklets are a perfect addition to your wardrobe, adding a touch of whimsy and free-spirited flair to any outfit. Boho charm anklets typically feature a mix of eclectic charms such as feathers, coins, shells, or beads, all intricately woven into the anklet design. The beauty of boho charm anklets lies in their ability to create a laid-back, *bohemian* vibe, that's perfect for summer adventures.

### Minimalist Beaded Anklets



Enhance your summer style with the subtle sophistication of *minimalist beaded anklets*. These delicate anklets offer a refined and understated look that effortlessly elevates any outfit. The simplicity of the beads adds a touch of elegance to your overall aesthetic without being overpowering. You can choose from different bead sizes and colours to suit your personal taste and complement your summer wardrobe.

### Statement Pearl Anklets



With their bold and luxurious appeal, *statement pearl anklets* effortlessly capture attention and sophistication for your summer ensemble. These anklets feature stunning pearls that add a touch of elegance and refinement to any outfit. Whether you're heading to a beach party or a fancy dinner, statement pearl anklets are versatile accessories that elevate your look.


### Layered Mixed-Media Anklets



Make a bold fashion statement this summer by exploring the trend of *layered mixed-media anklets*, which offer a unique and versatile way to accessorize your outfits. These anklets combine different materials like beads, shells, charms, and metals, creating a visually appealing and dynamic look. Mixing textures and colours in one anklet adds depth to your style and allows you to experiment with various elements to suit different occasions.

## THE WALL







## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS


By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### रामजीलाल बने निर्विरोध अध्यक्ष

मालपुरा, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा की हुई बैठक में रामजीलाल शर्मा को लगातार दूसरी बार निर्विरोध परिषद अध्यक्ष चुना गया। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद की बैठक में डॉ. राजकुमार गुप्ता ने परिषद की गतिविधियों को अनवृत जारी रखने के लिये रामजीलाल शर्मा को दूबारा अध्यक्ष का प्रस्ताव रखा। जिसे परिषद ने सर्वसम्मति से पारित कर शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान मौजूद पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन,पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, लोकेश लोदी, दिनेश विजय, कुंजबिहारी खारोल, ताराकांत पाठक, कमलेश श्रंगी, मोतीलाल कारवाल, जयनारायण जाट, श्याम सोनी, कपिल शर्मा आदि ने माला पहना नवीन अध्यक्ष को बधाई दी।


रामजीलाल

### छात्र रतन का नवोदय में चयन

सांभरझील, (निसं)। ग्राम छापरी, पंचायत कोरसीना के रहने वाले छात्र रतन जाट पुत्र रामनारायण जाट का जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में चयन होने पर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पालिकाध्यक्ष बालकिशन जांगिड़, रमेश चौधरी उर्फ दाऊद, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, एडवोकेट दिव्य राजवीर गुर्जर, कुणाल शर्मा, शैलेश माथुर सहित अनेक ने शुभकामनाएं दी हैं।

छात्र रतन की फोटो


रतन जाट

### 97 साल की महिला ने किया मतदान

चाकसू, (निसं)। दौसा लोकसभा क्षेत्र एवं चाकसू कस्बे के वार्ड नंबर 13 एवं बूथ नंबर 158 की वोटर प्रभाती देवी 97 साल पत्नी सुंदरलाल कुमावत ने सोमवार को अपने घर से मतदान कर सरकार की होम वोटिंग योजना का लाभ लिया। यह जानकारी इनके पुत्र पूर्व पालिका चेयरमैन लल्लू लाल कुमावत ने दी। वोटर प्रभाती देवी इस दौरान बहुत खुश नजर आई। उनका कहना था कि ऐसे में मतदान का प्रतिशत बड़ेगा। बीएलओ लक्ष्मीकांत टांक मतदान दल के साथ मौजूद रहे।


प्रभाती देवी

### महिपाल सिंह संयोजक बने

मनोहरपुर, (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष श्याम व मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदार एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह एवं शाहपुरा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल की अनुसंशा से महिपाल सिंह गुर्जर को भाजपा किसान मोर्चा शाहपुरा विधानसभा का भाजपा किसान मोर्चा का संयोजक बनाया गया है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। गुर्जर का कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया है।


महिपाल सिंह

### आज दो घंटे बिजली बंद रहेगी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे में मंगलवार सुबह दो घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ट अभियंता मोनिका शर्मा ने बताया की मंगलवार सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे तक 33 डेरारामसागर, गोरिया व 11 सिटी तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तीजावाला जोहडा, एफसीआई डेरारामसागर, निमडावाली, खेडी, जालपाली व शहर श्रीमाधोपुर के सभी क्षेत्रों व आसपास के गांव व ढाणियों की विधुत आपूर्ति मेंटेनेंस कार्य हेतु बंद रहेगी। बिजली कटौती से होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

# आभूषण चमकाने के नाम पर महिला से ठगी, आरोपी फरार

निवाई, (निसं)। शहर की सिन्धी कॉलोनी में सोमवार की सुबह दो ठग एक महिला से आभूषण चमकाने के नाम पर सोने की चूडियां लेकर आरोपी फरार हो गए। सोने की चूडियों की कीमत करीब 3 लाख रुपये है।

पीडिता पूर्व पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय चंचल कुमार डासवाणी की पुत्रवधू है। घटना के तुरंत बाद पीडिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पीडिता से घटना की जानकारी लेकर शहर में नाकाबंदी करवाई एवं आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पीडिता लक्ष्मी पत्नी गोविंद डासवाणी के अनुसार ठगी करने के आरोपी सोमवार की सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। आरोपियों ने सोने चांदी के आभूषणों को चमकाने की बात कही। झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने एक दो आभूषणों को चमकाकर भी दिखाया।

■ सोने की चूड़ियों की कीमत तीन लाख रूपये बताई


ठगी की शिकार पीड़िता से पुलिस ने जानकारी जुटाई।

इस पर उसे विश्वास हो गया और उसने अपनी सोने की चूडियां चमकाने के लिए आरोपियों को सौंप दिया। पीडिता के अनुसार आरोपियों ने पानी में कुछ डालकर उसमें चूडियां डाल दी और हल्दी डालकर पानी को उबालकर लाने के लिए बोला।

इसी दौरान नजरें चुकाकर उन्होंने पानी में से सोने की चूडियां निकाल ली और पानी उबालने के लिए उसे दे दिया। पीडिता पानी को उबालने के लिए अंदर चली गई और कुछ देर बाद वापस आई तो दोनों गायब मिले। इस पर उसने गर्म पानी के कटोरे में हाथ डालकर देखा तो चूडियां गायब थी। इस पर उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर एसआई घासीलाल, स्पेशल साइबर टीम के नीरज शर्मा, राधाकिशन व पायलट घटनास्थल पर पहुंचे और पीडिता से घटना की जानकारी लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

## अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग

श्रीमाधोपुर, (निसं)। थाना इलाके के कंचनपुर में मध्य रात्रि में अचानक खेतों में लगी आग का विकराल रूप देखकर ग्रामीण सहम गए। और आग की लपटे देखकर मौकै पर दौडे और स्वंय के संसाधनों से ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार रात्रि में करीब 12 बजे के लगभग अचानक कानिया टीबा वाली के पास कुमावतों की बंजर पडी भूमि में खडी घास फूस और वनस्पति में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग ने आसपास की 5 बीघा भूमि को अपने चपेट में ले लिया और हवाओं तथा सूखी घास फूस व वनस्पति के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने करीब चार घंटे की कडी मशक्कत के बाद पानी के टैंकरों से आग पर काबू पाया। आगजनी में गनीमत यह रही कि किसी की भी जनहानि या अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों की कडी मेहनत के चलते आस पास के खेतों में कटी पडी फसल तथा कडबी के पूलों को आगजनी की चपेट में आने से ग्रामीणों ने बचा लिया। ग्रामीणों की मानें तो आगजनी में खेतों में खडी वनस्पति, पेड़ पौधे तथा कुछ वन्यजीवों की जलने से मौत हो गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली भगवा वाहन रैली

मालपुरा (निस) भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 चैत्र प्रतिस्पर्द्धा की पूर्व संध्या पर सोमवार की शाम नववर्ष समारोह समिति व हिन्दु समरसता मंच के तत्वाधान में मालपुरा में भगवा वाहन रैली निकाली गई। शहर के महेश सेवा सदन से बडी तादात में वाहनों के काफिले के साथ वाहन पर सवार महिलाऐं हाथो में भगवा ध्वज व पताकाऐं लहराते हुये वाहन रैली के रूप में रवाना हुई।

शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये दूदू रोड चामुण्डा माता मंदिर मे समापन हुआ। विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, समाजसेवियों के साथ-साथ सर्वसमाज की और से शहर में एक सौ से अधिक स्वागत द्वार बना भगवा वाहन रैली पर पुष्पवर्षा की गई। नवीन मंडी में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित पार्षदों व गणमान्य नागरिकों ने जय-जय श्रीराम के जयघोष के साथ ऐतिहासिक पुष्पवर्षा कर शहरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाऐं दी। पहली बार इतनी बडी संख्या में सिर पर केसरिया पगडी पहन भगवा ध्वज के साथ दुपहिया व चौपहिया वाहनों पर सवार महिलाओं द्वारा निकाली गई भगवा वाहन रैली को देखने व स्वागत करने बडी संख्या में भीड उमडी। रैली से पूर्व महिला मंडल का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे फाग गीतो पर महिलाओं ने फूलो की होली खेल जमकर नृत्य किया। हिन्दु समरसत्ता मंच की और से शहर के प्रमुख मार्गो मे भगवा पताकाऐं लगा शहर को भगवा रंग मे रंग दिया। रैली के साथ भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा व मार्ग मे जगह-जगह रंगोलियां सजाई गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजकुमार वर्मा, कृष्णकांत जैन, मालती सैनी, अरूणा पाराशर, रमाकांत पाठक, पूजा लोकेश लोदी, डॉ. ललीता वर्मा, गोविन्दनारायण विजय, सत्यनारायण विजय सहित गणमान्य नागरिकों ने रैली में भाग लेकर हिन्दु नववर्ष आगमन का स्वागत किया। चामुण्डा माता मंदिर मे सामूहिक आरती व हनुमान चालीसा पाठ का ऐतिहासिक आयोजन किया गया।


भगवा वाहन रैली का सौ से अधिक स्वागत द्वार पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

## फुले की प्रतिमा अनावण 10 को

फुलेरा,(निसं)। कस्बे की बालाजी बाईपास सडक स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर आगामी 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे महात्मा ज्योतिबा फूले संस्था एवं माली (सैनी) समाज संस्थान (रजि.) फुलेरा द्वारा संयुक्त रूप से महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती मनाई जाएगी।

महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान वहीं सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा का अनावरण एंव वर्ष 2022-23के दौरान माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में स्थानीय तहसील के विद्यार्थी 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सर्व समाज के विद्यार्थियों तथा प्रशासनिक सेवा में उच्च पदों पर जैसे आईएएस, आरएएस, आईपीएस अथवा समकक्ष अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य शुभेच्छु पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र गहलोत रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष किशन लाल सैनी करेंगे। इस दौरान मुख्य स्वागतकर्ता के रूप में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक भागचन्द टांकड़ा, भगवान राम सैनी, शोभा रानी कुशवाहा तथा फुलेरा विधानसभा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी, दौलत राम पेसिया, अनुभव चन्देल, फुलेरा नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल सहित अन्य कई अतिथिगण गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# शांतिपूर्ण, निष्पक्ष निर्वाचन हमारी प्राथमिकता : डॉ.सौम्या झा

टोंक, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में है। सोमवार को अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन-पत्र वापसी की समय सीमा समाप्ति के बाद अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बैठक आयोजित कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

■ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी

उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष निर्वाचन हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की शत-प्रतिशत पालना की जाए। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक देवेंद्र सिंह एवं व्यय पर्यवेक्षक मयूर गजानन कांबले, पुलिस अधीक्षक टोंक संजीव नैन, जिला निर्वाचन अधिकारी खुशाल यादव, पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर ममता गुप्ता, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी भी मौजूद रहे।

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अभ्यर्थियों को उनके अपराध की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। इसके लिए निर्धारित प्रारूप में 9 से 24 अप्रैल की अवधि में तीन बार उनको आपराधिक पूर्ववृत्त समाचार पत्रों में प्रकाशित व समाचार चैनल में प्रसारित करवाना होगा। इसी के साथ अभ्यर्थी अपने व्यय लेखों को संधारित करें तथा सभा, प्रचार-प्रसार आदि के लिए आवश्यक अनुमति लें। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं डिजिटल मीडिया के समस्त विज्ञापन, बल्क एसएमएस, मोबाइल वैन तथा ई-पेपर के समस्त विज्ञापन अधिप्रमाणित होने आवश्यक हैं। मतदान दिवस एवं उससे एक दिन पहले छपने वाले प्रिंट मीडिया विज्ञापनों का भी प्री-सर्टिफिकेशन करवाना होगा। 26 अप्रैल को सवेरे 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा 4 जून को सवेरे 8 बजे से मतगणना होगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, होम वोटिंग, सुविधा पोर्टल व एकल खिडकी व्यवस्था, आपराधिक पूर्ववृत्त के प्रकाशन व प्रसारण, पोस्टल बैलेट से मतदान, विज्ञापन स्थानों, मतदान केंद्रों व मतगणना के बारे में जानकारी दी।


रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बैठक आयोजित कर जानकारी दी।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। स्थानीय पुलिस ने लोकल एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब रखने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों से अवैध देशी शराब के 175 पव्वे जब्त किए हैं। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार लोकल एंव माईनर एक्ट की कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के नेतृत्व मे गठित विशेष टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए अलग-अलग जगह से अवैध देशी शराब कब्जे में रखने के आरोप में डांगरथल के बस स्टेण्ड से सायर उर्फ गौरु के कब्जे से 96 पव्वे जब्त किए है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बनस्थली से करणपुरा जाने वाले कच्चे रास्ते से आरोपी शंकरलाल सांसी दोनों निवासी डांगरथल पुलिस थाना निवाई के कब्जे से अवैध देशी शराब के 79 पव्वे जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

# शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया

लालसोट, (निसं)। विधानसभा के ग्राम गांगल्यावास में सोमवार को महिला कार्यकर्ताओं की मीटिंग के साथ शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ रामगढ पचवारा मुरारी लाल जांगिड और विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त विकास अधिकारी बच्चूसिंह मीना, आंगनबाडी कार्यकर्ता उर्मिला देवी गुप्ता व ममता देवी ने महिला मीटिंग में पधारे सभी मतदाता व महिला मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया। स्वीप टीम के सक्रिय सदस्य मनोहर सिंह पिनारा, इकराम भाई, हरिनारायण मीना, जयप्रकाश सैनी, श्याम सैनी, कमलेश बैरवा, सुरेंद्र जांगिड, ललूराम बैरवा ने अमिट स्याही थाका हाथा में लागे घणी सुहावनी मतदान गीत के माध्यम से सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की बात कही। साथ ही लोकतंत्र में मतदान करने का संदेश दिया। सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड ने अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही तथा आओ बूथ चले कार्यक्रम पर भी विचार प्रकट किए। आगामी 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही। अतिरिक्त विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा ने भी अधिक से अधिक मतदान करने का आव्हान किया। इस अवसर पर प्रभारी नाथूलाल मीना, व्याख्याता रामोतार मीना, गोपाल कृष्ण शर्मा, महेश मीना, नवल धामाणी, बल्लूराम मीना, चंद्रिका प्रकाश गौतम, प्रभात बैरवा, महेंद्र महावर, धर्मेंद्र मीना, बसराम मीना, गंगा सहाय मीना, श्योजी राम मीना, चाय देवी, गंगा देवी, जगदीश मीना, रामोतार, धापू देवी, नर्मदा देवी, मनभर देवी, कलावती देवी सहित सैंकडों की संख्या में विधार्थी सहित मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र साहू और विकाश गौतम ने किया।

## कलेक्टर ने टीचर बन बच्चों की क्लास ली

कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बबेरा (बानसूर)तथा औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंची। स्कूल पहुंचकर कलेक्टर ने स्कूल की व्यवस्थाएं देखीं साथ ही क्लास रूम में जाकर छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। इस दौरान कलेक्टर कल्पना अग्रवाल टीचर की भूमिका में भी नजर आई। उन्होंने करीब 20 मिनट तक टीचर की तरह क्लासरूम में बच्चों को पढाया। कलेक्टर ने इस दौरान छात्र छात्राओं को अंग्रेजी में वाक्य बनाने के तरीकों को आसानी से बनाने का तरीका बताते हुए सफलता पाने का पाठ पढ़ाया साथ ही पढ़ाए गए शिक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी का अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक को अंग्रेजी में ही बच्चों को लिखने, पढ़ने और बोलने का लगातार अभ्यास कराना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रामबास में युवा चौपाल का आयोजन



गोविंदगढ/अलवर, (निसं)। कस्बे के नजदीकी गांव रामबास में सोमवार को गोविंदगढ मंडल के रामबास गांव में युवा मोर्चा के द्वारा युवा संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें इंद्रजीत सिंह पाटा (पूर्व जिला अध्यक्ष) मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ में गोविंदगढ मंडल के मंडल महामंत्री कुलदीप शर्मा, विक्रम सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहित बटवारा जिला आईटी संयोजक और गांव के गणमान्य नागरिकों के साथ युवा जोश शामिल रहा। इसमें मुख्य रूप से आने वाली 19 अप्रैल को बीजेपी के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और बीजेपी को भारी मतों के विजई बनाने पर जोर दिया।

### राजेन्द्र रहीसा व दिनेश संयोजक, मुकेश व जयप्रकाश सह संयोजक

कोटपूतली, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. बलराम दून ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव हेतु मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी के मार्गदर्शन, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा की अनुशंषा व मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदारमल यादव की सहमति से भाजपा जयपुर देहात उत्तर के विधानसभा संयोजक व सह संयोजकों की घोषणा की है। इसी क्रम में पार्टी ने ग्राम पंचायत अमाई निवासी उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा को कोटपूतली विधानसभा का संयोजक एवं ग्राम चतुर्भुज निवासी बगुला प्रसाद स्वामी व हरदयाल यादव को सहसंयोजक, कोटपूतली निवासी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश मित्तल को बानसूर विधानसभा का संयोजक, ग्राम खुर्दी निवासी मुकेश डोई व कस्बा निवासी जयप्रकाश कोटिया को सह संयोजक नियुक्त किया है।






### 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, एक ने नामांकन वापिस लिया

टोंक, (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में है। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अशोक कुमार बंसीवाल ने बताया कि टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र चौपडा ने अपना नामांकन वापस लिया है। उन्होंने बताया कि इस तरह बहुजन समाज पार्टी से प्रहलाद माली, बीजेपी से सुखबीर सिंह जौनापुरिया, आईएनसी से हरीशचंद्र मीना, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी से गणेश मीना, भारत आदिवासी पार्टी से जगदीश प्रसाद मीना, भीम ट्राईबल कांग्रेस से जगदीश प्रसाद शर्मा, राजस्थान राज पार्टी से दूलीचंद सैनी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) विजेंद एवं निर्दलीय प्रत्याशी गिर्राज प्रसाद मीना, जसराम मीना एवं माखन लाल मीना चुनाव मैदान में है।

### विधायक पटेल से की शिष्टाचार भेंट

कोटपूतली, (निसं)। दक्ष सेवा संस्थान व प्रजापति विकास समिति के तत्वाधान में प्रजापति समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को विधायक हंसराज पटेल से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही विधायक पटेल का माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक पटेल को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुये क्रमश: बालिकाओं हेतु छात्रावास के लिये भूमि आवंटन, कस्बे के मुख्य मार्गो पर बने किसी तिराहे या चौराहे पर भगवान श्री दक्ष महाराज की मूर्ति स्थापित कर दक्ष प्रजापति चौक घोषित किये जाने एवं मिट्टी के बर्तन बनाने हेतु समाज को नि:शुल्क मिट्टी उपलब्ध करवाने हेतु भूमि आवंटन की मांग की। विधायक पटेल ने इस सम्बंध में जल्द ही लोकसभा चुनाव आचार संहिता के बाद आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर दक्ष सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमार, उपाध्यक्ष अमरसिंह, रामनिवास, रामकरण, दयाशंकर, राकेश, सुन्दर लाल, जगदीश सांगटेड़ा, मदन मोलाहेडा, चंदगीराम, महेश, बनवारी लाल पुरूषोत्तमपुरा, लालचंद बेरी, बलवीर खडब, रामु प्रजापत, हेमराज भौनावास, राजेन्द्र, चन्दाराम, जगराम, विकास समेत अन्य मौजूद रहे।

### मैराथन दौड़ का आयोजन

पावटा, (निसं)। डॉ. सुखलाल यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर 10 अप्रैल को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। जिसका पोस्टर विमोचन भूतेश्वर धाम रामानन्द महाराज द्वारा किया गया। मैराथन दौड़ आयोजक समिति के सदस्य सुदामा यादव ने बताया कि डॉ. सुखलाल एक इतिहासकार थे जो विगत वर्ष एक सडक दुर्घटना में कालग्रस्त हो गये थे। इनकी पुण्यतिथि पर 10 अप्रैल को मैराथन दौड़ आयोजित होगी। मैराथन बालाजी मंदिर पावटा से प्रारंभ हो घंटाघर होते हुए एसएचएम कॉलेज पहुँचेगी। इस अवसर पर शिक्षाविद् जीएल यादव, धर्मेंद्र हवलदार, खिल्लू सैनी, ओपी बायला आदि रहे।




**आम सूचना (खण्डन)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मईनुद्दीन उर्फ मीनू भाई पुत्र कमरूद्दीन खान, निवासी-186, जालुपुरा, जयपुर ने दिनांक 12.04.2022 को अपने मौखिक दत्तक पुत्र इंचार्ज अली के विरूद्ध दिनांक 12.04.2022 को एक आम सूचना प्रकाशित करवाई थी कि मेरा पुत्र इंचार्ज अली मेरे कहे में नहीं है गलत संगत में पडा है जुआ सट्टा खेलता है कि सूचना प्रकाशित होने के पशत से ही मेरा पुत्र इंचार्ज अली का मेरे प्रति बदलाव आ गया है तथा मेरी सेवाश्रुषा करता है तथा अब किसी भी गलत संगत में लिप्त नहीं है। इस प्रकार मेरे द्वारा प्रकाशित की गई सूचना दिनांक 12.04.2022 को मेरे द्वारा खण्डित किया जाता है तथा अब मेरा पुत्र इंचार्ज अली का मेरी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति में अधिकार है। अगर मेरे अभिभाष्य पुत्र इंचार्ज अली अगर दोबारा गलत संगत या नशा, जुआ खेलता पाया गया तो उसे मेरा अभिभाष्य दुबारा बैदखल कर देगा।

(मोहम्मद रशीद) एडवोकेट, प्लाट नं. 42, पुराना जालुपुरा, जयपुर, मो. 9829980159

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 40

अधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255

अधिकृत अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242

**परिशिष्ट-IV-ए**

**(नियम 8 (6) व 9 (1) का प्रावधान देखें)**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने वे**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋ सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृ 15.05.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर जैसा नीचे वर्णित है, कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि राशी की वसूली के लिए की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

निलामी का विवरण

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) निलामी तिथि व स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 19,69,100.34/- डिमांड नोटिस तिथि- 17.10.2023 | उदय गोयल एवं रीता गोयल | प्लाट नं. एच-126-ए (प्लाट नं. एच-126 के पूर्वी भाग का बीच का हिस्सा), क्षेत्रफल 56.57 वर्गगज, मंगलम सिटी विस्तार, ब्लॉक-एच, ग्राम-हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. ए-126 का भाग, उत्तर-प्लाट नं. एच-126 का भाग, दक्षिण-प्लाट नं. एच-126 का भाग | रूपये 25,41,287/- | रूपये 2,54,128.7/- | 15.05.20 प्रातः 11.0 दिन में 1.0 |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति

दिनांक- 09.04.2024

स्थान- जयपुर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफ

# 'भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है'

## मु.मंत्री भजनलाल ने जैसलमेर-बाड़मेर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो दिन के जैसलमेर प्रवास के दौरान जैसलमेर-बाड़मेर लोकसभा सीट के लिए पार्टी पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों का फीडबैक लिया। चुनाव कार्यक्रमों से समय निकाल कर मुख्यमंत्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री के कथावाचन कार्यक्रम में पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया।*

- मु.मंत्री ने चुनाव तैयारियों का फीड बैक लिया और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उनमें नए जोश का संचार किया।
- मुख्यमंत्री के समक्ष कांग्रेस के कई पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।
- मुख्यमंत्री बाड़मेर में बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री महाराज के कथावाचन कार्यक्रम में भी पहुंचे और शास्त्री जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

जैसलमेर,/जयपुर 8 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास के दौरान भाजपा ज़िला कार्यालय में एक बैठक में देर रात जिला, मण्डल व मोर्चा पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लिया और चुनाव जीतने के बारे में चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। शर्मा ने कहा कि, पहले जनसंघ की फिर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत व राष्ट्रवाद नीतियों के कारण ही संभव हुआ है कि, हम दो सीटों से चार सौ के पार होने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि, पिछले दस वर्षों में अनगिनत विकास कार्य हुए हैं जिसमें जनधन खाते, ग़रीब को छत, महिलाओं को धुएं से मुक्ति, घर-घर शौचालय, धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, किसान निधि, तीन तलाक़ व महिला आरक्षण आदि अनगिनत कार्य हुए। भाजपा शासन काल में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ और अब भारत विश्व की तीसरी शक्ति बनने जा रहा है। कार्यकर्ताओं को इस चुनाव रूपी परीक्षा में खरा उतरना है व अपने-अपने बूथ में भाजपा को आगे रखना है।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया कि, आज की बैठक में राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी, ज़िलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा, जैसलमेर विधायक छाटू सिंह भाटी, पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी, जिला संगठन प्रभारी रामस्वरूप गोधा, लोकसभा सयोजक शंकर सिंह राजपुरोहित, ज़िला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक साँग सिंह भाटी, प्रधान जनक सिंह भाटी व तन सिंह भाटी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी व बाल भारती महाराज के अलावा जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर परिषद के कांग्रेस पार्षद व उनके प्रतिनिधि, समाज सेवियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थित में वॉर्ड 18 की पार्षद दुर्गा देवी, प्रतिनिधि ओम सिंह, वॉर्ड 28 के पार्षद उपदेश कुमार, वॉर्ड 30 की रूखी देवी, वार्ड 34 के सिकंदर ख़ान, वॉर्ड 45 पार्षद पिंकु देवी, प्रतिनिधि नरपत सिंह टेकारा, सुमेर सिंह पूर्व उप जिला प्रमुख, दुर्गा शंकर भार्गव, व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जवाहर सुथार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा व विधायक छोटु सिंह भाटी ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर इन लोगों का स्वागत किया।

स्थानीय होटल मेरियट में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने देश के विकास के लिये सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों व समाज सेवकों से भाजपा के हाथ मज़बूत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, जिस प्रधानमंत्री ने देश की सांस्कृतिक धरोहर के पुनरुत्थान के लिये काम किया हो, विश्व गुरु बनाने की जिसमें क्षमता हो, करोना काल में जिसने सबकी रक्षा की हो, भारत विश्व की शक्ति बनने जा रहा हो, उसे वोट दे कर राष्ट्र को मज़बूत करें। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर देश हित में अपना मत दें।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने बाड़मेर में आयोजित हनुमंत शक्ति जागरण कार्यक्रम में पहुँचकर बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर, कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, श्रद्धेय शास्त्री के ओजस्वी सानिंध्य ने राजस्थान परिवार की अनवरत सेवा हेतु मेरी ऊर्जा को बल देने का कार्य किया है। संतों का आशीर्वचन सदैव जीवन पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का मार्ग प्रशस्त करता है। परम पूज्य बागेश्वरधाम बालाजी महाराज की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे यह कामना करता हूँ।

## कर्नाटक में छापेमारी, 5 करोड़ कैश व 106 किलो सोना बरामद

बेंगलुरु, 8 अप्रेल। कर्नाटक में पुलिस को छापेमारी के दौरान बेहिसाब दौलत मिली है। पुलिस ने यहां से 5 करोड़ कैश और 106 किलोग्राम ज्वेलरी की बरामदगी की। चुनाव के बीच कर्नाटक में बड़ी छापेमारी करते हुए पुलिस ने एक ज्वेलरी शॉप के मालिक के घर से 5.60 करोड़ रुपये कैश, 3 किलो सोना, 103 किलो चांदी के आभूषण और 68 चांदी की छड़ें जब्त कीं। यह छापेमारी कर्नाटक के बेल्लारी शहर में की गई है। पुलिस द्वारा की गई कुल वसूली करीब 7.60 करोड़ रुपये की है। ज्वेलरी की कीमत 2 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ज्वैलरी शॉप के मालिक नरेश के घर से भारी मात्रा में नकदी और ज्वैलरी बरामद की गई है। पुलिस ने कहा, उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। एक खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि ब्रुसेपेट पुलिस थाना क्षेत्र में जौहरी के घर पर बड़ी मात्रा में कैश और आभूषण रखे गए हैं।

# डॉ. पूनिया पांच दिन के धुआंधार चुनावी दौरे पर

- 9 अप्रैल से 13 अप्रैल के इस दौरे में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया हरियाणा व राजस्थान में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

जयपुर, 8 अप्रेल (का.सं.)। हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 9 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक हरियाणा एवं राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रवास पर रहेंगे।

सतीश पूनिया 9 अप्रैल को हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के कालका विधानसभा में चुनाव प्रबंधन और कोर कमेटी बैठक लेंगे। सतीश पूनिया 10 अप्रैल को राजस्थान के श्रीगंगानगर लोकसभा, 11 अप्रैल को हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर लोकसभा, 12 और 13 अप्रैल को चूरू लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार एवं बैठकें लेंगे। उल्लेखनीय है कि, सतीश पूनिया पिछले दिनों में गुरुग्राम, अंबाला, पंचकूला इत्यादि क्षेत्रों में हरियाणा लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और कोर कमेटी बैठकों में विस्तृत चर्चा कर चुके हैं, वहीं राजस्थान के सीकर, जयपुर ग्रामीण, पाली, चूरू इत्यादि लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाएं संबोधित कर चुके हैं।

## आज दिल्ली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दलों का उत्साह चर्म पर है।

एन.डी.ए. की बैठक दिल्ली में मंगलवार को होना प्रस्तावित है जबकि इंडिया ब्लॉक के 26 विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने क लिए बैंगलुरू में संयुक्त रूप से रणनीति बनाने हेतु आयोजित की जाएगी।

राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वे और अजित पवार मंगलवार को दिल्ली में आयोजित होने वाली एन.डी.ए. की बैठक में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अजित ने उनके 15 विधायकों के साथ मुम्बई के वाई.बी. चव्हाण सेंटर में शरद पवार से मुलाकात की थी और उनसे पार्टी की एकता को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था। शरद पवार ने इस अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया था। उनके प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा शरद पवार मंगलवार को बैंगलुरू में आयोजित होने वाले विपक्षी दलों के सम्मेलन में शिरकत करने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई में भले ही कोई घटनाक्रम हो उसके बावजूद वो सम्मेलन में शिरकत करने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई में भले ही कोई घटनाक्रम हो उसके बावजूद वो सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे।

# बांसवाड़ा लोकसभा और बागीदौरा विधानसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी लापता

## इन दोनों सीटों पर कांग्रेस ने भारत आदिवासी पार्टी को समर्थन दिया है, इसलिए कांग्रेस प्रत्याशियों को नाम वापस लेना था

- बांसवाड़ा लोकसभा सीट के प्रत्याशी अरविन्द डामोर मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर कहीं चले गए तो बागीदौरा विधानसभा सीट (उपचुनाव) के प्रत्याशी कपूर सिंह भी लापता हो गए। इस प्रकार दोनों ने ही नामांकन वापस नहीं लिया।
- कांग्रेस ने इस हरकत को गंभीरता से लिया और दोनों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया।

जयपुर, 8 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस ने बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अरविंद डामोर और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार कपूर सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। कांग्रेस ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा सीट और बागीदौरा उपचुनाव के लिए भारत आदिवासी पार्टी (बी.ए.पी.) को समर्थन दिया है। इसलिए इन दोनों को नाम वापस लेना था, पर ऐसा नहीं हुआ, इसलिए पार्टी ने निलम्बित कर दिया है।

सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था, लेकिन डामोर फोन बंद करके कहीं चले गए और पर्चा वापस नहीं लिया। वहीं कपूर सिंह ने भी बागीदौरा से नाम वापस नहीं लिया। दरअसल अंतिम समय में हुए गठबंधन के कारण बांसवाड़ा सीट कांग्रेस ने बी.ए.पी. को दी, साथ ही बागीदौरा उपचुनाव में भी बी.ए.पी. का समर्थन किया है।

दोनों की नाम वापसी नहीं होने से डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर पेच फंस गया है। दोनों सीटों पर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन वापस नहीं लिया। अब अगर कांग्रेस को भी वोट पड़ते है तो भाजपा को लाभ होगा। नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था। लेकिन तीन बजे तक किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया।

बांसवाडा लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सिंह डामोर का फोन रविवार से ही स्विच ऑफ आ रहा था, जबकि बागीदौरा से कांग्रेस प्रत्याशी कपूर सिंह भी दिनभर लापता रहे उन्होंने भी नाम वापस नहीं लिया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश पांड्या ने बताया कि दोनों उम्मीदवारों से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुये

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद अब उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी सत्तारूढ़ भाजपा का साथ छोड़ दिया है और कांग्रेस का हाथ थामने का ऐलान कर दिया है। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान के बारे में निर्णय पार्टी आलाकमान लेगा।

# पूर्व मु.मंत्री वाय.एस.आर. की राजनीतिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया। लेकिन भाजपा की नज़र यहाँ अपनी खुद की सीटों की संख्या बढ़ाने पर है, तथापि टी.डी.पी. और जन सेना की तरफदारी का विचार भी उसे पसन्द है क्योंकि इन दोनों पार्टियों से जीतने वाले सांसद अन्ततः लोकसभा में उसके सदस्यों की वृद्धि ही करेंगे।

आंध्र के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड और वर्तमान के चुनावी गठबंधन के हिसाब से देखा जाए तो यह प्रदेश वर्तमान में संभवतः पहला ऐसा राज्य है जहाँ की सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष संसद के पटल पर संयुक्त रूप से केन्द्र सरकार को समर्थन दे रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस ने शर्मिला रूपी एक महत्वपूर्ण फैक्टर को चुनावों में उतार दिया है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों एक साथ हो रहे हैं। वाय.एस.आर.सी.पी. अपनी सत्ता को बरकरार रखने को लेकर चुनावी संघर्ष में है तो तेलुगू देसम के सुप्रीमो चन्द्रबाबू नायडू सत्ता हथियाने का एक अंतिम प्रयास कर रहे हैं क्योंकि वह वृद्ध हो रहे है। अभी उनकी उम्र करीब 80 वर्ष है और उनकी पार्टी के दूसरी पंक्ति के नेताओं व उत्तराधिकार की योजना अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी वह चाहेंगे कि उनके पुत्र नोरा लोकेश उनके वास्तविक उत्तराधिकारी बनें।

ऐसे समय में, जबकि यह माना जा रहा था मुख्य चुनावी संघर्ष वाय.एस.आर.पी. और तेलुगू देसम के बीच होगा, कांग्रेस कर्नाटक की तर्ज पर यहाँ भी अपने पुनरुत्थान की एक कार्य योजना लेकर आ गई है। कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण उदय तो तेलंगाना में हुआ था जहाँ उसने शून्य से शिखर तक का सफर तय कर अपराजेय माने जा रहे बेहद लोकप्रिय के. चन्द्रशेखर राव को शिकस्त दी थी।

कांग्रेस, तेलंगाना में पिछले वर्ष सत्ता में आयी थी, जिसका श्रेय रैवन्त रेड्डी के नेतृत्व को जाता है। माना जा रहा था कि रैवन्त रेड्डी का नेतृत्व अपनी कुछ ऊर्जा, विचारधारा और प्रयास अन्य तेलुगू भाषी राज्य आंध्र प्रदेश को भी हस्तांतरित करेगा। शर्मिला अपने पिता की विरासत पर दावा करने के लिए कांग्रेस की मदद को तैयार हैं। उनके पिता एक कट्टर कांग्रेसी थे, जिन्होंने आंध्र प्रदेश में दो बार 30 से अधिक लोकसभा सीटें जितवाकर दीं, जिसके कारण वर्ष 2004 और वर्ष 2009 में केन्द्र में यू.पी.ए. की सरकारों का गठन हो सका।

शर्मिला, अब आंध्र प्रदेश में लोगों की भारी भीड़ खींच रही है और कांग्रेस के उन पुराने नेताओं को भी आकर्षित कर रही है, जो उनके भाई जगनमोहन रेड्डी के पक्ष में चले गए थे। राजनीतिक पर्यवक्षेक एक बात को तो लेकर सर्वसम्मत हैं कि कांग्रेस पिछले चुनावों की तुलना में इस बार निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन करेगी। पिछली बार उसका वोट प्रतिशत 2 से कम रहा था, लेकिन पिछली बार की तुलना में वोट प्रतिशत में इतनी भी बढ़ोतरी नहीं होगी कि व कुछ सीटों पर जीत हासिल कर ले।

कांग्रेस का वोट प्रतिशत पर्याप्त होगा। यह करने या चुनावी मैदान में अन्य राजनीतिक दलों की संभावनाओं को बिगाड़ने के लिए।

इस मसले पर अलग-अलग राय है, यद्यपि बड़ी तादाद में लोगों की सोच है कि शर्मिला की उपस्थिति से अंततोगत्वा उनके भाई जगनमोहन रेड्डी को मदद ही मिलेगी। एक पार्टी के रूप में उसकी वोटों में भागीदारी शून्य है, यदि कांग्रेस को अधिक वोट मिलते है और उसे सत्ता विरोधी मत भी प्राप्त होते है तो ऐसी स्थिति में वोटों के बंटवारे स निश्चित रूप से फायदा होगा। जो वोट टी.डी.पी. को मिलने चाहिए। यदि वे कांग्रेस को चले जाते हैं तो निश्चित रूप से मानिये प्रदेश में सत्तारूढ़ वाई.एस.आर.सी.पी. को ही इससे मदद मिलेगी। चूंकि विधानसभा चुनाव में विजय बहुत कम अन्तर है, कांग्रेस जिस तरीके से विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन कर रही है उस वजह से उनके भाई जगनमोहन रेड्डी तथा टी.डी.पी. अध्यक्ष चन्द्रबाबू नायडू दोनों की संभावनाओं का बना भी सकती हैं और बिगाड़ भी सकती है।

आंध्र प्रदेश से लोकसभा में 25 सांसद चुनकर जाते है और यहाँ 175 विधायकों वाली एक मजबूत विधानसभा है, इन दोनों के लिए मतदान एक ही निर्धारित दिन को होगा।

# दुर्लभजी अस्पताल और 3 डॉक्टरों पर 15 लाख रू. का जुर्माना

- जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि, प्रीमैच्यौर प्रसव के दौरान महिला के इलाज में गंभीर लापरवाही हुई, जिससे ना केवल नवजात की मौत हो गई बल्कि महिला को बाद में कई शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ा।
- आयोग ने इसके लिए अस्पताल पर 9 लाख रू. तथा तीन चिकित्सकों पर 2-2 लाख रू. का जुर्माना लगाया है।

जयपुर, 8 अप्रेल (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने और मातृत्व सुख से वंचित होने के मामले में संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल प्रशासन और उसके तीन चिकित्सकों को चिकित्सकीय लापरवाही का दोषी माना है। और अस्पताल प्रशासन पर नौ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं आयोग ने डॉ. फयाज़, डॉ. रिद्धिमा और डॉ. प्रियंका पर भी दो-दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने कहा कि परिवादी को इलाज में खर्च की गई कुल 65 हजार रुपए की राशि भी ब्याज सहित लौटाई जाए। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश पीड़ित महिला जया के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

परिवाद में अधिवक्ता विपुल शर्मा ने आयोग को बताया कि 13 अगस्त, 2010 को परिवादी जया 21 सप्ताह की गर्भवती थी। परिवादी बीस अगस्त की देर रात दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती हुई। जहां उसका समय पर इलाज नहीं किया गया।

सुबह करीब दस बजे डॉ. फयाज़ के आने पर जानकारी दी गई कि प्रीमैच्योर डिलीवरी के कारण बच्चे की मौत हो गई है। इसके बाद परिवादी को उसकी जांच रिपोर्ट भी नहीं दी गई।

परिवादी डिस्चार्ज होने के बाद मुंबई लौट गई। जहां अक्टूबर, 2010 को सोनोग्राफी कराने पर पता चला कि गर्भाशय में पूर्व गर्भ के अवशेष मौजूद थे, जिससे स्पष्ट है कि दुर्लभजी अस्पताल में उसके इलाज में लापरवाही हुई है। ऐसे में उसे मुआवजा दिलाया जाए। अस्पताल प्रशासन व चिकित्सकों की ओर से बचाव में कई दलीलें दी गई, लेकिन आयोग ने उन्हें नहीं माना। इसके साथ ही आयोग ने अस्पताल व चिकित्सकों पर हर्जाना लगाया है।

## कांग्रेस व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। हालांकि सीटों का सामंजस्य करना गठबंधन का एक पहलू है और कुल मिलाकर गठबंधन होना एक भिन्न मुद्दा है। पी.डी.पी. ने कश्मीर की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है और पार्टी ने अनंतनाग की सीट पर डी.पी.ए.पी. के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद के खिलाफ चुनाव मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती उम्मीदवार बनाया है। जब नैशनल कॉन्फ्रैंस की भागीदारी के बारे में खुर्शीद से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नैशनल कॉन्फ्रैंस के पहले से ही लोकसभा के तीन सांसद हैं अतः हमने उन्हें ही मौका देने का विकल्प चुना है। जब पूछा गया कि यदि उमर अब्दुल्ला भी चुनावों में खड़े होते हैं तो इस पर खुर्शीद ने जवाब दिया यदि ऐसा मामला आता है तो इस तरह का फैसला होने पर श्रीनगर में एक और प्रेस कॉन्फ्रैंस आयोजित कर सूचित किया जाएगा।

## वर्तमान चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिसमें एक ऐसा विडियो था। पहले कांग्रेस ने चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री के रक्षा बलों के साथ वाले विज्ञापन के बारे में सूचित किया था। कांग्रेस ने कहा, "भाजपा और प्रधानमंत्री के विज्ञापनों में रक्षा कर्मिकों के चित्रों और विडियो का बार-बार इस्तेमाल चुनाव आयोग की वर्ष 2013 और 2019 के परामर्शों का उल्लंघन करता है, जिसमें यह कहा गया है कि रक्षा कार्मियों के चित्रों और क्रिया-कलापों का चुनाव प्रचार में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।"

# पायलट का तूफानी प्रचार, चार लोकसभा सीटों में सभाएं कीं

## सचिन पायलट ने सीकर, झुंझुनूं, जयपुर ग्रामीण व अलवर में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया

- सुबह 11 बजे पाटन में पायलट ने इंडिया अलायंस के प्रत्याशी, माकपा नेता अमराराम के लिए वोट मांगे। पाटन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता ने पायलट का शानदार स्वागत किया।
- पाटन के बाद पायलट ने खेतड़ी में झुंझुनूं के प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के लिए सभा की। उसके बाद जयपुर ग्रामीण के अनिल चौपड़ा के लिए आमेर में और अलवर के प्रत्याशी ललित यादव के लिए किशनगढ़बास मे सभा की।
- पायलट ने कहा कि, अगर भाजपा को 400 पार का इतना ही आत्मविश्वास है तो कांग्रेस के लोगों को क्यों तोड़ा जा रहा है।
- पायलट ने कहा, राजीव गांधी के समय में कांग्रेस ने 400 का आंकड़ा पार किया था पर कभी विपक्ष के खाते सीज़ नहीं किये। कांग्रेस विपक्ष का सफाया नहीं चाहती है।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर 8 अप्रैल। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने सोमवार को लोकसभा क्षेत्र सीकर, झुंझुनूं, जयपुर ग्रामीण और अलवर क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित किया। पाटन में जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की फूल मालाएं और साफा पहनाकर पायलट का स्वागत किया वहीं खेतड़ी में कार्यकर्ताओं ने उन्हें गदा भेंटकर गर्मजोशी के साथ जिंदाबाद के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, सचिन पायलट सबसे पहले सुबह 11 बजे नीमकाथाना जिले में पाटन पहुंचे, जहां उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी कामरेड अमराराम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे खेतड़ी स्थित अपोलो ग्राउण्ड में आयोजित सभा में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के पक्ष में आमजन से मतदान की अपील की। दोपहर करीब 3 बजे सचिन पायलट जयपुर ग्रामीण क्षेत्र से सांसद उम्मीदवार अनिल चौपड़ा के समर्थन में चुनावी सभा करने आमेर स्थित जालसू पहुंचे। तत्पश्चात् दोपहर साढ़े 4 बजे अलवर लोकसभा क्षेत्र के किशनगढ़ बास स्थित राधिका पैलेस में कांग्रेस उम्मीदवार ललित यादव के पक्ष में चुनावी सभा की।

पायलट ने पाटन में गठबंधन प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, गैर कांग्रेस सरकारें देश में पहले भी बनी हैं। हमने संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया है, जबकि भाजपा सरकार झूठ की बुनियादों पर टिकी हुई है। भाजपा ने अनेक वादे किए, वर्ष 2014 में काला धन वापस लाने, हर परिवार को 15 लाख रुपए देने, बेरोजगार युवाओं को 2 करोड़ सरकारी नौकरी हर साल देने, सीमा पर एक सैनिक के शहीद होने पर दुश्मन के पांच सिर लाने, किसानों की आय दुगनी करने का वादा तो किया था, लेकिन काला धन लाना तो दूर तीन काले कानून लगाकर किसानों को बेघर करने की योजना बना डाली। अमराराम जैसे संघर्षशील व्यक्तियों के लगातार दिल्ली बॉर्डर पर 13 महीने पड़े रहने से वह काले कानून वापस लिए गए हैं। पायलट ने कहा, अगर भाजपा को 400 पार करने का इतना ही विश्वास है तो कांग्रेस के लोगों को क्यों भाजपा में जोड़ रहे हैं।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सीकर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमराराम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस चुनावी सभा में अच्छी-खासी भीड़ जुटी तथा कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी इसमें सम्मिलित हुये।*


सचिन पायलट ने खेतड़ी के पोलो ग्राउंड खेल मैदान में झुंझुनूं से लोकसभा प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के पक्ष में आमजन से वोट मांगे। पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार जोड़ने-तोड़ने का काम कर रही है। भाजपा ने 2019 में 300 पार कर सरकार बनाई तो नोटबंदी, जी.एस.टी. और तीन काले कृषि कानून ले आए। इनकी सरकार के मंत्रियों के घरवालों ने किसानों को गाडी से कुचला लेकिन इसके बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की।

सभा को कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, पिलानी विधायक पितराम काला, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इसके बाद सचिन पायलट ने जयपुर ग्रामीण के लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के पक्ष में आमेर स्थित जालसू में सभा की और आमजन से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इसी तरह अलवर सांसद प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में भी किशनगढ़ बास में पायलट ने आमजन से वोट मांगे।

पायलट ने कहा, राजीव गाँधी के समय कांग्रेस ने 400 का आंकड़ा पार किया था पर कांग्रेस ने कभी किसी के खाते सीज़ नहीं किए।

इस सभा में तिजारा पंचायत समिति उपप्रधान दयाराम गुर्जर ने पायलट को चांदी का मुकुट पहनकर स्वागत किया। इस दौरान टीकाराम जूली, विधायक दीपचंद खैरीया, विधायक जुबेर खान, रेवाड़ी विधायक राव चिरंजीवी, विधायक मांगीलाल, पूर्व विधायक संदीप यादव, कांग्रेस नेता इमरान खान, पूर्व प्रधान बीपी सुमन, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा, सरजीत खटाना आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908



राजस्थान रॉयल्स के मैच में संजू सैमसन और जॉस बटलर के बीच 148 रनों की साझेदारी तोड़ने के लिये कप्तान डूप्लेसिस को ग्लेन मैक्सवेल से गेंदबाजी करानी चाहिये थी।

– मोहम्मद शामी

भारतीय तेज गेंदबाज, आरसीबी की हार पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

## रमा ठाकुर



**हिमाचल** में पिछले 17 सालों से पर्वतारोहण के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल कर चुकी मनाली की रमा ठाकुर अब इसी कडी में माउंट एवरेस्ट को फतह कर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने जा रही है। रमा ठाकुर अगले माह से माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए मनाली से रवाना होंगी। रमा ठाकुर की इस सोच के आड़े धन की कमी आ रही है। रमा अपने सभी प्रयासों के बाबजूद अभी तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाल सरकार को रॉयल्टी के रूप में दी जाने वाली 23 लाख की रकम नहीं जुटा पाई हैं। उन्होंने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहती हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# चेन्नई ने होमग्राउंड में लगातार तीसरा मैच जीता

## कोलकाता को सात विकेट से हराया



### जडेजा-देशपांडे को 3-3 विकेट, गायकवाड़ की फिफ्टी

चेपॉक, 8 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग में डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने तीसरा मैच जीत लिया। तीनों मुकाबले टीम ने चेपॉक में अपने होमग्राउंड पर जीते, इस बार ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हराया। यह 17वें सीजन में पहली ही हार है, इससे पहले टीम ने लगातार 3 मैच जीते थे। सोमवार को चेपॉक स्टेडियम में ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन बनाए। से रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने 3-3 विकेट लिए। चेन्नई ने 17.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने फिफ्टी लगाई।

पहले गेंदबाजी करते हुए रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के तीन-तीन विकेट झटक कर उसे बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। हालांकि कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला है।

आज यहां एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट शून्य का विकेट गवां दिया। सॉल्ट को तुषार ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद सुनील नारायण और अंगकृष रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 55 रन जोड़े। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस जोड़ी को तोड़ने की जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा पर को सौपीं और उन्होंने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए सातवें ओवर में पहले अंगकृष रघुवंशी 24 रन पर पगबाधा कर पवेलियन भेजा। अंगकृष ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उसके बाद जडेजा ने सुनील नारायाण को 27 रन पर आउट कर दिया।

सुनील ने 20 गेदों का सामना किया और तीन चौके और दो छक्के भी लगाये। जडेजा ने वेंकटेश अय्यर तीन रन आउट कर अपना तीसरा विकेट झटके हुए कोलकाता पर दबाव बढ़ा दिया। इसके बाद कोलकाता की टीम दबाव से उबर नहीं पायी और उसका कोई बल्लेबाज पिच पर अधिक देर के लिए नहीं टिक सका। रमनदीप सिंह 13 रन और रिंकू सिंह 10 रन बनाकर आउट हुये।

## टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर फैसला : चमारी अटापट्टू

लंदन, 8 अप्रेल। श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू अगले महीने टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भविष्य पर फैसला लेंगी। अटापट्टू ने पूर्वी लंदन में कहा, मैंने अभी भी संन्यास



का फैसला नहीं लिया है, जहां श्रीलंका कल तीन एकदिवसीय मैचों की पहली श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। उन्होंने कहा, हम इसके बारे में बाद में बात कर सकते हैं। फिलहाल, मेरा ध्यान दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय और विश्वकप क्वालीफायर पर है। भविष्य में देखेंगे। उन्होंने रविवार को एक तस्वीर पोस्ट की और आंख मारते इमोजी के साथ लिखा, डीआरएस की समीक्षा करें। उन्होंने कहा, कुछ निर्णय बहुत कठिन होते हैं। लेकिन जीवन में कभी न कभी हमें ऐसे निर्णय लेने ही पड़ते हैं। उसमें एक दिल, श्रीलंकाई झंडा और एक ट्रॉफी शामिल थी।

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की अगले महीने 2026 टूर्नामेंट के नए मेजबान की घोषणा करने की योजना

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था। सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''अहम प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।'' बयान के अनुसार, ''हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।'' विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी। राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था लेकिन राज्य या संघीय वित्त पोषण नहीं मिल सका। सीजीएफ ने कहा कि वह लागत कम करने और प्रतियोगिता को अधिक तार्किक बनाने के लिए खेलों में बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया


मोंटे कार्लो, 8 अप्रेल। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुलबिक को हराया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में चिली के क्रिस्टियन गैरिन को अर्जेंटीना ओपन में हराया था। अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में इस जीत के साथ कॅरिअर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं।

## पेट दर्द के कारण अगले दो मैचों में नहीं खेलेंगे मयंक

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव पेट में दर्द होने के कारण अगले दो मैचों में नहीं खेलेंगे। लखनऊ टीम के सीईओ कर्नर विनोद बिष्ट ने आज यहां एक बयान जारी करते हुए कहा, मयंक को पेट के निचले हिस्से में दर्द महसूस हुआ और एहतियात के तौर पर हम अगले सप्ताह तक उनका वर्कलोड कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देखेंगे। उल्लेखनीय है कि रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में मयंक ने पेट दर्द के कारण केवल एक ओवर गेंदबाजी कर पाए थे और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। मयंक ने इस आईपीएल के दौरान अभी तक तीन मैच खेला है और 156.7 किमी/घंटा की गति के साथ आईपीएल के इस सत्र की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के ख़िलाफ़ मैच के दौरान यह कारनामा किया था और तीन विकेट लिए थे। इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पर्दपण मैच में तीन विकेट चटकाये थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था।

# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पीवी सिंधु और साथियों के पदक की राह मुश्किल

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।



यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा।

सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने पर उन्हें चीन की छठी वरीय हेन युई से भिड़ना पड़ सकता है जिन्हें उन्होंने फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में पांचवीं बार हराया था। तीसरे दौर में सिंधू की भिड़ंत जापान की यामागुची या थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से हो सकती है। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है।

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करनाहै। फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पेरिस ओलंपिक में जगह लगभग पक्की करने वाले लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे और चीन के खिलाड़ी के खिलाफ तीन हार का बदला चुकता करने का प्रयास करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है।

सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे। महिला युगल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रतिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी से भिड़ना है जबकि त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद अपना अभियान ल्यु शेंग श्यु और टैन निंग की चीन की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ शुरू करेंगे।

## रेल कोच फैक्ट्री कपूर थला ने पंजाब इलेवन को हराकर खिताब जीता

जालंधर, 8 अप्रेल। रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने कड़े मुकाबले के बाद पंजाब इलेवन को 4-3 के अंतर से हराकर पहला सुरजीत 5ए साइड महिला गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई ने हरियाणा इलेवन को 12-5 के अंतर से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। सुखदेव सिंह (एआईजी ग्रुप) ने ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट की विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद और विजेता ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 75 हजार रुपये नकद और उपविजेता ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।

रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला टीम की ओलंपियन नवजोत कौर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया, उन्हें श्रीमती स्वदेश चोपड़ा मेमोरियल ट्रॉफी और 11000 रुपये नकद से सम्मानित किया गया। पंजाब की गोलकीपर किरणदीप कौर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया, उन्हें ट्रॉफी और 11000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में जबरदस्त हॉकी देखने को मिली।हाफ टाइम तक रेल कोच फैक्ट्री 2-1 से आगे थी। रेल कोच फैक्ट्री के लिए ऐश्वर्या ने दो और मनप्रीत कौर व गगनदीप कौर ने एक-एक गोल किया। जबकि पंजाब की ओर से सुखवीर कौर, सुमिता और मिताली ने एक-एक गोल किया। फाइनल मैच से पहले खेले गए सेमीफाइनल में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई को 7-4 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हाफ टाइम तक रेल कोच फैक्ट्री 4-1 से आगे थी। आरसीएफ के लिए हैट्रिक लगाते हुए ऐश्वर्या ने तीन गोल किए।

दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब इलेवन ने हरियाणा इलेवन को 8-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हाफ टाइम तक पंजाब इलेवन 3-2 से आगे थी। पंजाब इलेवन की ओर से सुमिता ने हैट्रिक लगाते हुए तीन गोल किए। पंजाब के लिए अकांक्षा ने दो गोल किये।

## लीवरपूल और मैनचेस्टर टूनाइटेड का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ



मैनचेस्टर, 8 अप्रेल। लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लीवरपूल को हार से बचा लिया। जीत दर्ज करने में नाकाम रहने के कारण लीवरपूल ने अंक तालिका में शीर्ष पर बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। टीम अब 31 मैच में 71 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। आर्सेनल के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 31 मैच में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। दिन के अन्य मुकाबलों में अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाईटेड ने चेल्सी को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि टोटेनहैम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से शिकस्त दी।

## श्यामलाल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 5-2 से हराया


नयी दिल्ली, 8 अप्रेल। श्याम लाल कॉलेज ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 5-2 से हराया। श्याम लाल कॉलेज की ओर से आशीष ने दो गोल, दीपक मोहित और आशीष गुप्ता ने एक-एक गोल किया। खालसा की ओर से विपिन नंदलाल और अल्ताफ ने एक एक गोल दागे। श्याम लाल कॉलेज के ललित को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में श्री राम कॉलेज आफ कामर्स ने किरोड़ीमल कॉलेज को 2-1 से हराया। श्रीराम कॉलेज की तरफ से विभांसु और लखन ने एक-एक गोल किए जबकि किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से विजय ने एक गोल दागा। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के खिलाड़ी लखन को मिला।

महिला वर्ग के पहले मैच में इंदिरा गांधी इंस्टिट्ययूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन स्पोर्ट्स साइंसेज ने भारती कॉलेज को 8-0 से हराया। पिंकी ने तीन, कंचन ने दो, नेहा सिंह, नेहा रानी और शालिनी ने एक एक गोल किए। वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड इंदिरा गांधी कॉलेज की पिंकी को मिला।

## दिल्ली कैपिटल्स की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

नयी दिल्ली, 8 अप्रेल। अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है। विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी।



दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ मैच भी खेला था।

## भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच और टॉटनहम खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन

लंदन, 8 अप्रेल। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किये गये एक बयान में कहा गया, हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया। वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन के बारे में सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

## महिला हॉकी राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 खिलाड़ियों की घोषणा

बेंगलुरु, 8 अप्रेल। हॉकी इंडिया ने सोमवार को राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की है। आज यहां हॉकी इंडिया की ओर से की गई घोषणा के अनुसार यह 33 सदस्यीय टीम बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 16 मई तक प्रशिक्षण करेगी और भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय दौरों में हिस्सा लेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इस वर्ष के आखिर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन के साथ एंटवर्प और लंदन में मुकाबला करेगी। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने कहा कि 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उपयोग देश भर से सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के चयन के लिए किया गया था।

# डी गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका, विदित गुजराती फिर हारे

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी।



आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं।

महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला। उन्होंने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका। भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा।

चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफ ड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है। चीन की ही टिंगजी लेई ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के साथ अंक बांटे। टैन के बाद गोरयाचकिना ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं। मुजिचुक और लेई भी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं। गुकेश ने करूआना के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए दबाव का अच्छी तरह सामना किया और अंतत: 72 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने को राजी हो गईं।

दूसरे दौर में नाकामूरा के खिलाफ जीत दर्ज करने वाले विदित के खिलाफ पिछली दो बार के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता नेपोमनियाची अधिकांश समय बेहतर स्थिति में रहे और दो बार विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने वाला रूस का खिलाड़ी अंतत: जीत दर्ज करने में सफल रहा। प्रज्ञानानंदा को प्रत्येक दौर के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों की सराहना और सम्मान मिल रहा है। नाकामूरा के खिलाफ भी ऐसा ही रहा और अमेरिकी खिलाड़ी जोखिम नहीं उठाते हुए सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद सिर्फ 24 चाल के बाद ड्रॉ पर राजी हो गया।

दूसरी तरफ महिला वर्ग में टूर्नामेंट के लिए महिला विश्व कप के जरिए क्वालीफाई करने वाली सेलिमोवा ने हंपी को हराकर दिखाया कि उनका क्वालीफिकेशन तुक्का नहीं था। बुल्गारिया की खिलाड़ी ने 62 चाल में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का पांचवां दौर आराम के पहले दिन के बाद खेला जाएगा। साल की इस सबसे बड़ी प्रतियोगिता में अब भी 10 दौर का खेल बाकी है।

## अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हराया

ह्यूस्टन, 8 अप्रेल। कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। परगट सिंह 19 रन, एरोन जॉनसन 16 रन, हर्ष ठाकर 13रन बनाकर आउट हुये। एक समय कनाडा के 72 के स्कोर पर छह विकेट गिर गए थे। ऐसे समय में निचले क्रम में कप्तान साद बिन जफर ने 16 गेंद पर ताबड़तोड़ 29 रन बनाकर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।


MARUTI SUZUKI ARENA
आसान ड्राइविंग के लिए
ऑटोमैटिक कार्स.
CREEP FUNCTION (Ease to drive in bumper-to-bumper traffic)
UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**
KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)
HILL HOLD ASSIST
***
महा बचत
CELERIO ₹58 100*
ALTO K10 ₹63 100*
WAGONR ₹63 100*
S-PRESSO ₹58 100*
SWIFT ₹43 100*
CELERIO ALTO K10 WAGONR S-PRESSO SWIFT
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 0141-4072222, 9549651818. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471.
*Terms & Conditions apply. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate/rural offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th April 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient . Offers may vary subject to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.